डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की 01 एवं 16 तारीख, भोपाल 2[illegible] से 06 जन 2022 वर्ष-3[illegible] मूल्य रु 0.00

स्व-रोज़गार से बदलेगी मध्यप्रदेश की तस्वीर और तकदीर - मुख्यमंत्री

राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता का सर्वांगीण विकास

शहडोल, हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता लोगों के सर्वांगीण विकास की है। बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर प्रदान कराना और उनके जीवन को खुशहाल बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। स्वरोज़गार से प्रदेश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। प्रदेश में गत 12 जनवरी को रोज़गार दिवस पर 5 लाख 26 हजार लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराया गया। माह में 1 दिन रोज़गार दिवस का आयोजन कर बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। आगामी 29 मार्च को फिर रोज़गार दिवस का आयोजन कर लाखों लोगों को रोज़गार से जोड़ा जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रोज़गार दिवस पर शहडोल में राज्य-स्तरीय रोज़गार मेले को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहडोल में राज्य स्तरीय रोज़गार मेले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने, छोटे-छोटे व्यवसायों से आय बढ़ाने के लिये प्रत्येक सदस्यों को 10-10 हजार रुपये की ऋण राशि उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे वे स्थानीय स्तर पर लघु उद्योग, कुटीर उद्योग एवं गृह उद्योग का संचालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेंगी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू की गई है, जिसमें रोज़गार के इच्छुक युवक-युवतियों को एक लाख से 25 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना से इस वर्ष लगभग एक लाख लोगों को लाभान्वित किया जायेगा।

प्रदेश में औषधीय खेती के लिये अनेक क्षेत्रों में जड़ी-बूटियों का उत्पादन कर बेरोज़गारों को रोज़गार के अवसर प्रदान कराये जायेंगे। इन उत्पादों को विक्रय कर बेरोज़गार आमदनी हासिल करेंगे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में औषधीय जड़ी-बूटियों का उत्पादन करने के लिए वातावरण एवं भूमि की भी अच्छी उपलब्धता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। इन स्कूलों में निजी स्कूलों से बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में परीक्षाएं अब ऑनलाइन नहीं, बल्कि ऑफलाइन होंगी।

श्री चौहान ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश को देश में अग्रणी बनाने के लिये प्रत्येक गांव में स्वच्छता के कार्य किये जायेंगे। शहरी क्षेत्रों में भी जन-भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के कार्यों को गति दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में 'राशन आपके ग्राम' योजना के तहत घर-घर राशन दिया जा रहा है।

गरीबों को मिला रहा है निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के गरीब तबके को प्रधानमंत्री अन्न योजना एवं मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना में मार्च 2022 तक 5-5 किलोग्राम निःशुल्क राशन का वितरण कराया जा रहा है। इसी प्रकार शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं में ऋण स्वीकृत कर लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराने की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में शहडोल जिले में हल्दी का उत्पादन एवं पाउडर तैयार कर उसे विक्रय किया जा रहा है। शहडोल का हल्दी पाउडर प्रदेश के साथ अन्य राज्यों में भी भेजा जा रहा है।

महिला समूह करेंगे धान की खरीदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब स्कूलों के लिए गणवेश बनाने का काम स्व-सहायता समूह की सदस्य करेंगी। समूह की महिलाएं राशन वितरण दुकानों का संचालन तथा 'रेडी-टू-ईट' आहार निर्माण का कार्य भी करेंगी। समूह की महिलाओं को धान खरीदी का काम भी सौंपा जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश की कामकाजी महिलाओं को कम से कम 10 हजार रुपये प्रतिमाह आमदनी हो। समूह की महिलाएं साबुन, हल्दी, तेल, सैनेटाइजर आदि का निर्माण कर रही हैं। उन्हें छोटे-छोटे उद्योगों से जोड़कर उनकी गरीबी दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जायेगा।

रबी विपणन वर्ष 2022-23

गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को बनाया गया अधिक सरल

भोपाल, प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अभी तक किसानों को स्वयं पंजीयन के लिए आना पड़ता था। नई नीति में किसान स्वयं के मोबाइल अथवा कम्प्यूटर से एवं कियोस्क पर शुल्क देकर पंजीयन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर प्रक्रिया से अवगत कराया गया है।

निःशुल्क एवं सशुल्क होगा पंजीयन

श्री किदवई ने बताया कि उपार्जन के लिए पंजीयन की निःशुल्क एवं सशुल्क दोनों ही व्यवस्था रखी गई है। निःशुल्क व्यवस्था में किसान स्वयं के मोबाइल से निर्धारित लिंक पर, ग्राम एवं जनपद पंचायत, तहसील एवं सहकारी समिति के सुविधा केंद्रों पर जाकर निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। ऐसे किसान जो स्वयं पंजीयन नहीं करा सकते, वे कियोस्क के माध्यम से अधिकतम शुल्क 50 रुपये देकर एम पी ऑनलाइन या कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र अथवा निजी साइबर कैफे के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकेंगे। इस व्यवस्था से अब उन्हें लंबी लाइनों में इंतजार नहीं करना होगा। सिकमी एवं बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समिति स्तर पर स्थित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे।

एसएमएस प्राप्ति की अनिवार्यता समाप्त

उपार्जन केंद्र पर जाकर फसल बेचने के लिए एसएमएस की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अभी तक किसान एसएमएस पर प्राप्ति तिथि पर ही अपनी फसल उपार्जन केंद्र पर बेच सकता था। परिवर्तित व्यवस्था में निर्धारित पोर्टल से नजदीक के उपार्जन केंद्र, तिथि और समय स्लॉट का स्वयं चयन कर सकेंगे।

खास खबर

यूआईटी शिवपुरी में शुरू होंगे दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

भोपाल, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शिवपुरी में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। इसमें पॉवर इंजीनियरिंग एवं रिन्यूवल एनर्जी तथा ऑर्टिफिशियल इंजीनियरिंग एवं मशीन लर्निंग के सेंटर्स होंगे। प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा श्री आकाश त्रिपाठी ने बताया कि एआईसीटीई ने ऑनलाइन असेसमेंट पोर्टल 'परख' शुरू किया है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

श्रमोदय आवासीय विद्यालय

शिक्षा-विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में संचालित होंगे श्रमोदय आवासीय विद्यालय

श्रमिकों के बच्चों के लिये की गई पहल बने देश में मिसाल

भोपाल, स्कूल शिक्षा विशेषज्ञता का क्षेत्र है। स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा में गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप आवश्यक गतिविधियों तथा स्मार्ट क्लासेज का संचालन कर रहा है। इस विशेषज्ञता का लाभ श्रमोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी मिले। यह आवश्यक है कि श्रमोदय आवासीय विद्यालयों का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाए। प्रदेश में संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालयों का एक पृथक वर्टिकल भी विभाग में स्थापित किया जाए। इसके संचालन का दायित्व स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ को सौंपा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में श्रमोदय आवासीय विद्यालयों के संचालन की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के श्रमोदय विद्यालयों में सी.एम. राइज स्कूल से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इन विद्यालयों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के श्रमिक वर्ग के बच्चे अधिक से अधिक संख्या में इन विद्यालयों से जुड़ सकें। इन शालाओं से अध्ययन पूर्ण कर निकलने वाले विद्यार्थियों को आगे के अध्ययन के लिए भी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में श्रमिकों के बच्चों के लिए हो रही इस पहल को देश में मिसाल बनना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं भी इन विद्यालयों में जाकर बच्चों से संवाद करेंगे।

बैठक में जानकारी दी गई कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें कक्षा 6 से 12वीं तक के अध्ययन की व्यवस्था है। प्रत्येक विद्यालय में 1120 छात्र-छात्राओं के अध्ययन की क्षमता है। विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उत्कृष्ट शिक्षा के साथ निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री, गणवेश, भोजन, खेलकूद सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान में इन चार विद्यालयों में 2125 छात्र और 1882 छात्राएं अध्ययनरत हैं। चारों विद्यालयों का वर्ष 2020-21 में कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। जेईई, नीट आदि परीक्षाओं में भी यहां के विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

मनरेगा से बढ़ाये जायेंगे रोज़गार के अवसर - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मनरेगा से रोज़गार के अवसर बढ़ाने का कार्य प्राथमिकता से किया जायेगा। अधिकारीगण मनरेगा से जोड़कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य रोज़गार गारंटी परिषद की सामान्य सभा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लेबर बजट का बेहतर ढंग से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबको रोज़गार दिलाने के लिए बेहतर कार्य हो रहा है। मनरेगा के क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान किया जाये। केंद्र सरकार से राशि उपलब्ध होने पर मजदूरी देने में विलम्ब नहीं हो। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मछली पालन तेजी से बढ़े। मनरेगा से जोड़कर हितग्राहियों को लाभान्वित करें। बकरी पालन को भी बढ़ावा दिया जाये। पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान में पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार करें। तालाबों के चिन्हांकन का कार्य तेजी से करें। इससे जलस्तर बढ़ने के साथ प्रदेश में रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

19 फरवरी

आईएनएस विशाखापत्तनम से किया ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान ब्रह्मोस के नौसेना संस्करण ने अपने लक्ष्य को सटीकता से भेद दिया। ब्रह्मोस नौसेना पोत की मुख्य हथियार प्रणाली है। नौसेना के सभी सतह प्लेटफॉर्म पर इसे तैनात किया गया है। इन दिनों ब्रह्मोस की पानी के अंदर मार करने वाली मिसाइल के परीक्षण पर काम चल रहा है। इस मिसाइल को न सिर्फ पनडुब्बियों पर लगाने की योजना है, बल्कि अन्य देशों को भी निर्यात किया जायेगा।

● अब उच्च संस्थानों की तरह स्कूलों की भी रैंकिंग तैयार होगी। इसके लिये प्रत्येक स्कूल को स्कूली शिक्षा के एक मानक को पूरा करना होगा। सभी राज्यों में गठित होने वाली स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एसएसएसए) स्कूलों द्वारा मानकों को पूरा करने पर नजर रखेगी। अथॉरिटी स्कूलों की हर वर्ष राज्य और जिला स्तरीय रैंकिंग भी तैयार करेगी।

20 फरवरी

आईआईटी देश के बाहर यूएई में खोलेगा पहला कैंपस

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के कैंपस अब देश के बाहर भी खुलेंगे। भारत के बाहर आईआईटी का पहला कैंपस संयुक्त अरब अमीरात में खुलेगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यूएई में आईआईटी कैंपस खोलने के संबंध में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2020 में आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देश में अच्छा प्रदर्शन करने वाले संस्थान और विश्वविद्यालय के कैंपस दूसरे देशों में खोले जायेंगे। इसके लिये केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 16 सदस्यीय कमेटी भी गठित की है।

● अमेरिका ने इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी से अफगानिस्तान में समावेशी सरकार के लिये तालिबान पर दबाव बनाने को कहा है। अफगानिस्तान में अमेरिका की महिला एवं मानवाधिकार मामलों की विशेष दूत रीना अमीरी ने सऊदी अरब के जेद्दाह में ओआईसी के प्रतिनिधियों के साथ अफगानिस्तान के मानवीय संकट के साथ-साथ मानवाधिकारों से जुड़े मामलों पर चर्चा की। रीना अमीरी ने ट्विटर के जरिये बताया कि ओआईसी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में इस बात पर सहमति बनी कि मुस्लिम देशों को तालिबान पर यह जवाबदेही तय करने के लिये आगे आना चाहिये।

21 फरवरी

यूजीसी नेट परीक्षा के परिणाम हुये घोषित

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के परिणाम जारी कर दिये हैं। ये परिणाम दिसम्बर 2020 और जून 2021 सत्र के लिये घोषित किये गये हैं। एनटीए ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि इस परीक्षा के लिये कुल 12 लाख से ज्यादा आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, हालांकि इनमें से केवल 6 लाख 71 हजार आवेदक परीक्षा में शामिल हुये, इनमें से 7.8 प्रतिशत परीक्षार्थी ही क्वालिफाई कर पाये हैं।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अप्रैल 2022 के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली कक्षा दसवीं और बारहवीं की टर्म-2 परीक्षाओं (बोर्ड परीक्षाओं) के लिये अहम निर्णय लिया है। सीबीएसई ने कहा कि इन कक्षाओं के विद्यार्थी अब टर्म-2 परीक्षा अपने सेल्फ सेंटर यानी अपने ही स्कूल में नहीं दे सकेंगे। इसके लिये विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में तय किये गये सेंटर में जाना होगा।

22 फरवरी

बारह साल तक के बच्चों के लिये कोर्बेवैक्स वैक्सीन को मिली मंजूरी

● भारत में अब 12 से 18 वर्ष तक के बच्चों को भी कोरोना वैक्सीन लगाई जायेगी। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने हैदराबाद की दवा कंपनी बायोलॉजिकल ई की वैक्सीन कोर्बेवैक्स को देश में उपयोग के लिये मंजूरी प्रदान की है। यह वैक्सीन 12 से 18 वर्ष के बच्चों को लगाई जायेगी। हालांकि अभी देश में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वैक्सीन देने का फैसला नहीं हुआ है। जायडस कैडिला के जायकोव-डी और भारत बायोटेक के कोवैक्सीन के बाद कोर्बेवैक्स तीसरा टीका है, जिसे डीसीजीआई से 12 से 18 आयु वर्ग के लिये इस्तेमाल की मंजूरी मिली है।

● ईरान में एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक स्टेडियम में जा गिरा। इस हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार यह हादसा उत्तरी ईरान के तबरीज शहर में हुआ। एजेंसी ने बताया कि लड़ाकू विमान एफ-5 एक ट्रेनिंग मिशन पर था, इस हादसे में एक पायलट और दो नागरिक की मृत्यु हुई है। विमान हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के दौरान पायलट ने विमान को रिहायशी इलाके में गिराने से बचाने के लिये विमान को स्टेडियम की ओर ले गया था।

23 फरवरी

भारत ने अफगानिस्तान की मदद के लिये भेजी गेहूं की पहली खेप

● भारत खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को मानवीय आधार पर 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं दे रहा है। भारत ने 2500 मीट्रिक टन गेहूं की पहली खेप 40 से ज्यादा ट्रकों के जरिये अटारी वाघा बॉर्डर के रास्ते अफगानिस्तान भेजी है। यह खेप पाकिस्तान से होते हुये अफगानिस्तान पहुंचेगी। भारत के विदेश सचिव श्री हर्षवर्धन श्रृंगला ने इन ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह खेप भारत सरकार की ओर से अफगानिस्तान के लोगों को 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। मानवीय सहायता के रूप में गेहूं की आपूर्ति कई खेप में की जायेगी। यह खेप अफगानिस्तान के जलालाबाद में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को सौंपी जायेगी।

● अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) ने स्टार्ट-अप इंडिया के साथ मिलकर 'आयुष स्टार्ट-अप चुनौती' शुरू किया है। इस स्टार्ट-अप का उद्देश्य आयुर्वेद और स्वास्थ्य से जुड़े वैकल्पिक क्षेत्र में नवाचार के लिये स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना है। एआईआईए ने कहा कि आयुष का बाजार 10 अरब अमेरिकी डॉलर का है, जिसे अगले पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। एआईआईए के अनुसार स्टार्टअप के विजेताओं को नगद पुरस्कार और इन्क्यूबेशन सपोर्ट दिया जायेगा।

24 फरवरी

कोबरा वॉरियर युद्धाभ्यास में भाग लेगी भारतीय वायुसेना

● ब्रिटेन में अगले महीने आयोजित होने वाले बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास 'एक्स कोबरा वॉरियर 2022' में भारतीय वायुसेना भी हिस्सा लेगी। यह युद्धाभ्यास वैडिंगटन में छह से 27 मार्च तक आयोजित होगा। इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के हल्के युद्धक विमान तेजस अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच परिचालन जोखिम प्रदान करना और श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करना है। वायु सेना ने कहा कि युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिये पांच तेजस विमान ब्रिटेन के लिये उड़ान भरेंगे। इन विमानों को सी-17 विमान जरूरी परिवहन सहयोग उपलब्ध करायेगा।

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) सहित देशभर के केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षित श्रेणी की खाली सीटें अब ओपन श्रेणी में तब्दील नहीं होगी, बल्कि जिस वर्ग के लिये आरक्षित हैं उनसे ही भरी जायेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सभी केंद्रीय शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश के अनुसार आरक्षित श्रेणी की खाली सीटों को भरने के लिये जरूरत पड़ने पर कट ऑफ को भी नीचे रखने जैसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिये। इसके साथ ही मंत्रालय ने सभी केंद्रीय शिक्षण संस्थानों से ऐसे कदम तत्काल रोकने के भी निर्देश दिये हैं, जहां आरक्षित श्रेणी की खाली सीटों को ओपन या अनारक्षित श्रेणी में तब्दील करके भरा जा रहा था। शिक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार आईआईटी संस्थानों में हर वर्ष लगभग 5 हजार से ज्यादा सीटें खाली रह जाती हैं।

25 फरवरी

तीन जुलाई को आयोजित होगी जेईई एडवांस परीक्षा

● देश के शीर्ष प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस परीक्षा 3 जुलाई को आयोजित होगी। इस परीक्षा का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई करेगा। परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आठ जून से शुरू होगी, जो 14 जून, 2022 तक चलेगी। जेईई मेन-2022 परीक्षा पास करने वाले 2,50,000 से कम रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थी ही इस परीक्षा में बैठने के लिये पात्र होंगे। यह परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जायेगी। जेईई एडवांस परीक्षा पास करने के बाद ही विद्यार्थी विभिन्न आईआईटी संस्थानों में प्रवेश पा सकेंगे। आईआईटी मुंबई ने जेईई एडवांस-2022 की प्रवेश प्रक्रिया और पात्रता मानदंड की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट www.jeeadv.ac.in पर जारी की है।

● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मेडिकल प्रोफेशनल्स के लिये बायोमेडिकल इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप के आधार पर आईसीएमआर/डीएचआर नीति का शुभारंभ किया। इस नीति से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मेडिकल क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिले। साथ ही देश के चिकित्सा संस्थानों में इनोवेशन पर आधारित इकोसिस्टम विकसित हो सके। डॉ. मंडाविया ने कहा कि डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों सहित हमारे चिकित्सा कार्यबल के पास अत्याधुनिक स्तर पर मौलिक समस्याओं के साथ काम करने के अपने अनुभव से ज्ञान का भंडार है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
Limited Seats
PARAMEDICAL
MPT Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT
BPT Bachelor of Physiotherapy* 4½ yrs Degree Course
BMLT Bachelor of Medical Lab Technology* 3 yrs Degree Course
DMLT Diploma in Medical Lab Technology* 2 yrs Diploma Course
DDT Diploma in Dialysis Technology* 2 yrs Diploma Course
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
0755-400 5203, 9538500200
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)
Shreeram
R-46694/2022

Requirements
Academic Pesitions for B.A.LL.B (5 Years Integrated), LL.B.(3 Years) :-
•Principal •Professor •Associate Professor •Assistant Professor
for Pollitical Sc., Hindi, History, Economics & English-Lit . & all Law subjects.
Admin Staff : •Registrar •Scholarship Staff • Office Assistant •Librarian •Book Lifter •PR / Admission / Marketing Officer
Qualification As per UGC / BCI / DHE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 5 days from the date of advertisement or mail : registrarssslc@gmail.com Mob.: 9717265930
S & S LAW COLLEGE
(Approved by BCI, New Delhi & D.H.E. Bhopal, Affillated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinds Manor, opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020 Sterling Combine
R-46693/2022

Requirements
Academic Pesitions for B.Com (Plain / Hons / Tax / CA) & BBA, MBA, PGDM) :
•Principal •Professor •Associate Professor •Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Accounts, Computer Sc./IT, Economics, Hindi, English & Maths
Admin Staff : •Registrar • Office Assistant •Librarian • Book Lifter
Qualification As per UGC / AICTE / DHE / DTE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 5 days from the date of advertisement or mail : imiregistrar@gmail.com
Mob.: 9717265930
INDORE MANAGEMENT INSTITUTE
AND RESEARCH CENTER
(Approved by AICTE New Delhi & D.H.E. / DTE, Bhopal, Affillated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinds Manor, opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020 Sterling Combine
R-46692/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 09 28.02.2022 से 06.03.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मानवीय भावनाओं से भरपूर हों प्रदेश के शहर

हमारा यह प्रयास है कि प्रदेश के शहर, अपने आप में संपूर्ण और मानवीय भावनाओं से भरपूर हों, इसके लिये आवश्यक है कि शहर स्वच्छ हों, शहर में कोई बच्चा भूखा न रहे, कोई बच्चा अनाथ नहीं घूमे, शहर में हम पेड़ लगाएं और शहरों का जन्मदिवस या गौरव दिवस मनाएं। इन गतिविधियों से हमारे शहर इंसानियत से भरपूर बनेंगे। प्रयास हो कि हमारे शहर केवल सीमेंट कांक्रीट के नगर न हों, अपितु इनमें स्नेह, प्रेम और आत्मीयता की भावनाएं निवास करें। इन संकल्पों को पूरा करने के लिये राज्य सरकार ने कई कार्य आरंभ किये हैं। इनमें रैन बसेरों का सुदृढ़ीकरण, पेयजल एवं सीवरेज योजनाओं का विस्तार, सड़कों का सुधार शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोगों की जिन्दगी बदलने का कार्य जारी है। प्रदेशवासियों की जिन्दगी बदलना हमारा मकसद और लक्ष्य है। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिये आइये हम सब मिलकर कार्य करें। सरकार के साथ समाज की शक्ति मिले और हम साथ मिलकर शहरों को बदल दें, यही हमारा संकल्प है। हमारे शहर रोज़गारयुक्त, विकसित, स्वच्छ शहर बनें। ऐसे शहर बनाने के लिये हम सब मिलकर कदम बढ़ाएं। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों के गृह प्रवेश, भूमिपूजन एवं किस्त वितरण के लिये कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन केंद्र, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअली पचास हजार आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया, साथ ही 11.55 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन आवासों का भूमिपूजन तथा 26 हजार 500 हितग्राहियों के खातों में 250 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से आंतरित किये। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गरीब भाई-बहनों का मकान बनने का सपना आज साकार हो रहा है, उनके लिये यह दिन अद्‌भुत है। हर व्यक्ति की यह इच्छा होती है कि उसका अपना मकान हो। आज एक लाख 6 हजार से अधिक भाई-बहनों का यह सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध, संपन्न, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये संकल्पित हैं। इस क्रम में राज्य सरकार भी आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये कार्यरत है। इसके लिये शहरों को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। शहर विकास का इंजन होते हैं, यह कई लोगों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। शहरों में रहने वाले लोगों का जीवन आसान कैसे बनाया जाये, यह बिन्दु हमारी सोच के केंद्र में सदा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने शहरों के विकास के लिये कई मंत्र दिये। **पहला मंत्र**- हर नगर, राज्य के विकास का चेहरा बने। **दूसरा मंत्र**- शहरों में जीवन जीना सभी के लिये आसान हो। **तीसरा मंत्र**- हर नगरवासी को बेहतर से बेहतर जीवन की गुणवत्ता मिले। **चौथा मंत्र**- शहरों के आकार भले ही बड़ जाएं, लेकिन असमानताएं कम होनी चाहिये। प्रधानमंत्री श्री मोदी का **पांचवां मंत्र**- शहर ऐसा हो कि यहां गरीब से गरीब व्यक्ति को भी आत्मसम्मान के साथ जीवन-यापन का अवसर उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री के इन मंत्रों पर राज्य सरकार कार्य कर रही है।

विरासत में मिले जीन डालते हैं बच्चों की शिक्षा पर असर

यह बात हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि बच्चों की आदतों और आनुवांशिक स्थितियों पर माता-पिता के जीन का प्रभाव होता है, लेकिन हाल ही में हुये अध्ययन में यह बात सामने आई है कि बच्चों की शैक्षिक सफलता भी अभिभावकों के जीन से प्रभावित होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नये शोध के अनुसार, एक बच्चे की शैक्षिक सफलता उसके माता-पिता के जीन पर निर्भर करती है, जो विरासत में मिले हैं और साथ ही जो विरासत में नहीं मिले हैं। अध्ययन से पता चला है कि एक व्यक्ति को सीधे विरासत में मिले जीन, शिक्षा में मिले उसकी उपलब्धियों में योगदान करते हैं। माता-पिता के वे जीन, जो सीधे बच्चों को विरासत में नहीं मिले हैं, फिर भी उन्होंने माता-पिता के खुद के शिक्षा स्तर को आकार दिया हो और बाद में उनके द्वारा अपने बच्चों के लिये प्रदान की जाने वाली जीवनशैली और पारिवारिक वातावरण को प्रभावित किया हो, वे भी काफी महत्वपूर्ण हैं। वे जीन व्यक्ति के स्कूल और बाहर के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं। बच्चे प्रकृति (वे जीन जो उन्हें विरासत में मिले हैं) और पोषण (जिस वातावरण में वे बड़े होते हैं) के कारण अपने माता-पिता से मिलते-जुलते हैं। अध्ययन के लिये शोधकर्ताओं ने कई देशों में 12 अध्ययनों की समीक्षा की। साथ ही करीब चालीस हजार माता-पिता और बच्चों में शैक्षिक गति पर लाखों आनुवांशिक रूपों के प्रभाव का अध्ययन किया। इसके लिये पॉलीजेनिक स्कोरिंग नामक एक विधि का उपयोग किया। शोधकर्ताओं ने कहा कि निष्कर्षों को कम करके आंका जाता है, क्योंकि पॉलीजेनिक स्कोर शैक्षिक परिणामों में केवल आनुवांशिकता के एक अंश को पकड़ते हैं। वास्तविक आनुवांशिक प्रभाव कई गुना अधिक हो सकते हैं। प्रत्यक्ष आनुवांशिक प्रभाव आनुवांशिक पोषण प्रभावों के मुकाबले लगभग दोगुने होंगे।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस **28 फरवरी**

पीढ़ियां याद रखेंगी रमन का योगदान

"कोई भी अनुसंधान करने में कठिन परिश्रम और लगन की आवश्यकता होती है, कीमती उपकरण की नहीं।"

विज्ञान के क्षेत्र में देश को पहला नोबल पुरस्कार दिलाने वाले डॉ. सी.वी. रमन ने यह बात कही थी। रमन ने 1907 में असिस्टेंट अकाउंटेंट जनरल की नौकरी की, लेकिन हमेशा से विज्ञान ही उनका पहला प्यार रहा। वे किसी न किसी तरह लैबोरेटरी में पहुंचकर अपनी रिसर्च करते रहते थे। 1917 में उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी और कलकत्ता यूनिवर्सिटी में फिजिक्स के प्रोफेसर हो गए। यहीं पर 28 फरवरी, 1928 को उन्होंने के.एस. कृष्णन समेत अन्य वैज्ञानिकों के साथ मिलकर रमन इफेक्ट की खोज की। यही कारण है कि इस दिन को भारत में हर साल राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी पहली पुण्यतिथि पर भारतीय डाक सेवा ने सर सी.वी. रमन की एक स्मारक डाक टिकट प्रकाशित की थी, जिसमें उनकी स्पेक्ट्रोस्कोपी और बैकग्राउंड में एक हीरा था। उन्हें 1954 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। 2013 में अमेरिकी कैमिकल सोसाइटी ने रमन इफेक्ट को अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक कैमिकल लैंडमार्क का दर्जा दिया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को हर वर्ष विज्ञान से जुड़ी किसी विशेष थीम पर केन्द्रित कर मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है- सतत् भविष्य के लिए विज्ञान और तकनीक पर समग्र चर्चा। थीम का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जीतेन्द्र सिंह ने कहा था कि कोरोना के संकट के समय में यह विषय अधिक प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि विज्ञान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। साथ ही तकनीक और विज्ञान आज के जीवन में प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

1930 में मिला नोबल

विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्राप्त करने वाले डॉ. सी.वी. रमन पहले एशियाई और अश्वेत वैज्ञानिक थे। उन्हें नोबल पुरस्कार के लिए तीन बार नामांकित किया गया था। 1928 में सी.वी. रमन को फिजिक्स के नोबल प्राइज के लिए नामांकित किया गया था, लेकिन वे प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक शास्त्री ओवेन विलन रिचर्ड्सन से हार गए थे। 1929 में भी सी.वी. रमन फ्रांस के मशहूर भौतिक शास्त्री लुइ द ब्रॉइ से हार गए थे। वर्ष 1930 में उन्हें रमन प्रभाव की खोज के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया। रमन प्रभाव की बात करें, तो इसकी कहानी भी बहुत ही रोचक है। 1920 में सी.वी. रमन समुद्री मार्ग से स्वदेश लौट रहे थे। तब उन्होंने भूमध्य सागर के जल में अनोखा नीला और दूधियापन का नज़ारा देखा था। कलकत्ता विश्वविद्यालय पहुंचते ही रमन ने वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का गहन अध्ययन शुरू कर दिया। लगभग सात वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद रमन इफेक्ट की खोज की गई। डॉ. रमन ने 28 फरवरी, 1928 को इस खोज की घोषणा की थी। इसलिए इस तारीख को ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

1928 के अविष्कार पर आज भी कर रहे हैं वैज्ञानिक काम

प्रकाश की किरणें एक पारदर्शी पदार्थ से गुजरने के बाद बंट जाती हैं। प्रकाश के अलग होने के प्रोसेस को रमन स्कैटरिंग का नाम दिया गया और प्रकाश अलग होने के कारण को रमन इफेक्ट या रमन प्रभाव कहा गया। इंसिडेंट रे ऑफ लाइट की तंरगें बिखरी हुई किरणों से अलग होती हैं। रमन प्रभाव का उपयोग आज भी वैज्ञानिक क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत

से अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान ने चांद पर पानी होने की घोषणा की, तो इसके पीछे भी रमन स्पैक्ट्रोस्कोपी का ही कमाल था। फॉरेंसिक साइंस में भी रमन प्रभाव काफी उपयोग सावित हो रहा है। अब यह पता लगाना आसान हो गया है कि कौन-सी घटना कब और कैसे हुई थी। सी.वी. रमन ने जिस दौर में अपनी खोज की थी उस समय काफी बड़े और पुराने किस्म के यंत्र हुआ करते थे। सी.वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज इन्हीं यंत्रों की मदद से की थी। आज रमन प्रभाव ने ही तकनीक को पूरी तरह बदल दिया है। अब हर क्षेत्र के वैज्ञानिक रमन प्रभाव के सहारे कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं।

इन सम्मानों से भी सम्मानित किए गए थे, सी.वी. रमन :

- फैलो रॉयल सोसायटी-1924
- नाइट उपाधि-1929
- नोबल प्राइज फिजिक्स-1930
- भारत रत्न-1954
- लेनिन पीस प्राइज-1957

बचपन से ही था समुद्र के प्रति आकर्षण

चंद्रशेखर वेंकट रमन का जन्म तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में 7 नवम्बर, 1888 को हुआ था, जो कि कावेरी नदी के किनारे स्थित है। इनके पिता चंद्रशेखर अय्यर एक स्कूल में पढ़ाते थे। वह भौतिकी और गणित के विद्वान और संगीत प्रेमी थे। चंद्रशेखर वेंकट रामन की मां पार्वती अम्माल थीं। उनके पिता वहां कॉलेज में अध्यापन का कार्य करते थे और वेतन था मात्र दस रुपये। उनके पिता को पढ़ने का बहुत शौक था। इसलिए उन्होंने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखा थी। रमन का विज्ञान और अंग्रेजी साहित्य की पुस्तकों से परिचय बहुत छोटी उम्र से ही हो गया था। संगीत के प्रति उनका लगाव और प्रेम भी छोटी आयु से आरंभ हुआ और आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का विषय बना। वह अपने पिता को घंटों वीणा बजाते हुए देखते रहते थे। जब उनके पिता तिरुचिरापल्ली से विशाखापत्तनम् में आकर बस गए, तो उनका स्कूल समुद्र के तट पर था। उन्हें अपनी कक्षा की खिड़की से समुद्र की अगाध नीली जलराशि दिखाई देती थी। इस दृश्य ने इस छोटे से लड़के की कल्पना को सम्मोहित कर लिया। बाद में समुद्र का यही नीलापन उनकी वैज्ञानिक खोज का विषय बना। रमन संगीत, संस्कृत और विज्ञान के वातावरण में बड़े हुए। वह हर कक्षा में प्रथम आते थे। रमन ने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' में बी.ए. में प्रवेश लिया। 1905 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले वह अकेले छात्र थे और उन्हें उस वर्ष का 'स्वर्ण पदक' भी प्राप्त हुआ। उन्होंने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' से ही एम.ए. में प्रवेश लिया और मुख्य विषय के रूप में भौतिक शास्त्र को लिया। एम.ए. करते हुए रमन कक्षा में यदा-कदा ही जाते थे। प्रोफेसर आर.एल. जॉन्स जानते थे कि यह लड़का अपनी देखभाल स्वयं कर सकता है। इसलिए वह उसे स्वतंत्रता पूर्वक पढ़ने देते थे। आमतौर पर रमन कॉलेज की प्रयोगशाला में कुछ प्रयोग और खोजें करते रहते। वह प्रोफेसर का 'फेबरी-पिराट इन्टरफेरोमीटर' का इस्तेमाल करके प्रकाश की किरणों को नापने का प्रयास करते। रमन की मनःस्थिति का अनुमान प्रोफेसर जॉन्स भी नहीं समझ पाते थे, कि रमन किस चीज की खोज में हैं और क्या खोज हुई है। उन्होंने रमन को सलाह दी कि अपने परिणामों को शोध पेपर के रूप में लिखकर लन्दन से प्रकाशित होने वाली 'फिलोसोफिकल पत्रिका' को भेज दें। सन् 1906 में पत्रिका के नवम्बर अंक में उनका पेपर प्रकाशित हुआ। विज्ञान को दिया रमन का यह पहला योगदान था। उस समय वह केवल 18 वर्ष के थे।

वित्त विभाग में नौकरी के साथ करते रहे वैज्ञानिक प्रयोग

विज्ञान के प्रति प्रेम, कार्य के प्रति उत्साह और नई चीजों को सीखने का उत्साह उनके स्वभाव में था। इनकी प्रतिभा से इनके अध्यापक तक अभिभूत थे। श्री रमन के बड़े भाई 'भारतीय लेखा सेवा' (IAAS) में कार्यरत थे। रमन भी इसी विभाग में काम करना चाहते थे इसलिए वे प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा से एक दिन पहले एम.ए. का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें उन्होंने 'मद्रास विश्वविद्यालय' के इतिहास में सर्वाधिक अंक अर्जित किए। IAAS की परीक्षा में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर कलकत्ता में उपमहालेख अधिकारी बन गए। एक दिन वे अपने कार्यालय से लौट रहे थे कि उन्होंने एक साइन-बोर्ड देखा- इंडियन एसोसिएशन फॉर कल्टीवेशन ऑफ साइंस। इसे देख उनके अंदर की वैज्ञानिक इच्छा जाग गई। वे दिनभर अपने दायित्व का निर्वाह करने में व्यस्त रहते और शाम से देर रात तक प्रयोगशाला में समय बिताते। उनका प्रारंभिक कार्य वाद्य यंत्रों की कार्यप्रणाली से जुड़े विज्ञान के अन्वेषण से संबद्ध रहा। रमन का विज्ञान के प्रति समर्पण इतना तीव्र था कि जब 1917 में पहली बार कलकत्ता विश्वविद्यालय में फिजिक्स के प्रोफेसर का चयन होना था। वहां के कुलपति आशुतोष मुखर्जी ने इसके लिए सी.वी. रमन को आमंत्रित किया। रमन ने उनका निमंत्रण स्वीकार करके अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर लगभग आधी तनख्वाह पर उन्होंने इस पद को स्वीकार कर लिया। रमन की संपूर्ण शिक्षा भारत में ही हुई थी और अभी तक दुनिया के अन्य वैज्ञानिकों के साथ उनका संपर्क पुस्तकों और अंतर्राष्ट्रीय शोधपत्रिकाओं में छपे लेखों के माध्यम से ही था। एक शोधार्थी के रूप में भी रमन ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। वर्ष 1906 में रमन का प्रकाश विवर्तन (डिफ्रेक्शन) पर पहला शोध पत्र लंदन की फिलोसोफिकल पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। कुछ दिनों के बाद रमन ने एक और शोध पेपर लिखा और लन्दन में विज्ञान की अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पत्रिका 'नेचर' को भेजा। उस समय तक वैज्ञानिक विषयों पर स्वतंत्रतापूर्वक खोज करने का आत्मविश्वास उनमें विकसित हो चुका था। रमन ने उस समय के एक सम्मानित और प्रसिद्ध वैज्ञानिक लॉर्ड रेले को एक पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने लॉर्ड रेले से अपनी वैज्ञानिक खोजों के बारे में कुछ सवाल पूछे थे। लॉर्ड रेले ने उन सवालों का उत्तर उन्हें प्रोफेसर सम्बोधित करके दिया। वह यह कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि एक भारतीय किशोर इन सब वैज्ञानिक खोजों का निर्देशन कर रहा है। रमन के अंशकालिक अनुसंधान का क्षेत्र 'ध्वनि के कंपन और कार्यों का सिद्धांत' था। रमन को वाद्य-यंत्रों की भौतिकी का ज्ञान इतना गहरा था कि 1927 में जर्मनी में छपे बीस खंडों वाले भौतिकी विश्वकोश के आठवें खंड का लेख रमन से ही तैयार कराया गया था। इस कोश को तैयार करने वालों में रमन ही ऐसे पहले व्यक्ति थे, जो जर्मनी से नहीं थे।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 175/MTN/2022

No./3017/22/D-12/NIT-Maint./2022 Bhopal, Dated : 23.02.2022

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	2	10061863.00
2.	Betul	3	16704547.00
3.	Bhind	4	36678157.00
4.	Bhopal	3	28546679.00
5.	Chhindwara	2	19871737.00
6.	Dewas	2	15022043.00
7.	Datia	4	41326481.00
8.	Gwalior	3	9467504.00
9.	Guna	1	5368078.00
10.	Harda	2	19349736.00
11.	Hoshangabad	1	8460886.00
12.	Jabalpur	3	40124906.00
13.	Katni	4	27796906.00
14.	Khandwa	1	3263468.00
15.	Khargone	3	18663918.00
16.	Mandsaur	2	3201050.00
17.	Narsinghpur	2	17026431.00
18.	Raisen	2	16960810.00
19.	Rewa	2	8680098.00
20.	Satna	2	9645684.00
21.	Seoni	3	31669255.00
22.	Sehore	3	77669099.00
23.	Sidhi	1	2124685.00
24.	Sheopur	1	9239155.00
25.	Singrauli	2	22000477.00
26.	Ujjain	2	17204072.00
27.	Vidisha	4	22663113.00

2. Table No. 2 :- Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	1	24221829.00
2.	Agar	1	2557148.00
3.	Anuppur	1	27864959.00
4.	Burhanpur	1	8889057.00
5.	Bhind	1	10791233.00
6.	Chhindwara	7	78754206.00
7.	Datia	1	13821542.00
8.	Dindori	2	25210184.00
9.	Dhar	4	54161916.00
10.	Gwalior	1	6987740.00
11.	Hoshangabad	1	10697674.00
12.	Indore	1	6370634.00
13.	Jhabua	1	21575281.00
14.	Katni	1	14014495.00
15.	Khandwa	4	37624266.00
16.	Khargone	3	30804519.00
17.	Morena	1	6710887.00
18.	Raisen	2	4836329.00
19.	Rajgarh	2	21457935.00
20.	Ratlam	2	20137225.00
21.	Rewa	5	42401324.00
22.	Satna	2	12617352.00
23.	Seoni	4	44016218.00
24.	Sehore	4	39591770.00
25.	Singrouli	1	3533382.00
26.	Ujjain	2	15554985.00
27.	Umaria	1	2722977.00

3. Table No. 3 :- Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	5923882.00
2.	Balaghat	1	3579959.00
3.	Betul	3	31408045.00
4.	Bhind	1	11569775.00
5.	Chhindwara	1	8898494.00
6.	Damoh	1	3785053.00
7.	Guna	3	18560022.00
8.	Hoshangabad	1	2452379.00
9.	Jabalpur	1	8844560.00
10.	Jhabua	1	2548225.00
11.	Khargone	1	15341905.00
12.	Mandla	1	30335123.00
13.	Narsinghpur	2	22336638.00
14.	Rajgarh	1	6556250.00
15.	Seoni	3	23410032.00
16.	Sehore	1	8759269.00
17.	Sheopur	1	22119070.00
18.	Shivpuri	1	12485411.00
19.	Ujjain	1	2341820.00
20.	Vidisha	2	9792065.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 02.03.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/103779/46684/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.– 462011

IFB No. - WB –32/978

No./3131/FA/WB/CMGSY/2022 Bhopal, Dated : 25.02.2022

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for up-gradation of Rural Road of Gravel Standards Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Chhindwara	2	2	14326000.00
2.	Dewas	2	8	68985000.00
3.	Harda	3	3	31904000.00
4.	Indore	1	1	6586000.00
5.	Jabalpur	1	1	4684000.00
6.	Jhabua	1	2	5277000.00
7.	Khandwa	1	1	8938000.00
8.	Narsinghpur	1	2	19902000.00
9.	Raisen	1	3	29583000.00
10.	Ratlam	2	13	68461000.00
11.	Sidhi	1	1	4186000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.03.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER]

M.P. Madhyam/103799/46702/2022 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31 कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 25/2021-22

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 25/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_187010_1 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.03.2022 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/103812/46703/2022

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.)

क्र./जन.सं/कु.स./स्था.एक./2022/725 दिनांक : 24/02/2022

//परिपत्र//

विश्वविद्यालय विज्ञापन No. IPRO/Advt. No. 25th/2022/Reg./11 Dated 14.01.2022, No. IPRO/Advt. No. 26th/2022/Reg./12 Dated 14.01.2022, No. IPRO/Advt. No. 27th/2022/Reg./13 Dated 14.01.2022 एवं No. IPRO/Advt. No. 28th/2022/Reg./14 Dated 14.01.2022 द्वारा जारी सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों की आवेदन प्राप्ति का अंतिम तिथि दिनांक 24.02.2022 निर्धारित है। उक्त विज्ञापन में निर्धारित पदों के आवेदनों को आमंत्रित किये जाने की अंतिम तिथि 25.03.2022 निर्धारित की जाती है। **कुलसचिव**

R-46695/2022

"आवश्यकता है"

योगेश्वर शिक्षा महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.)

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर से संबद्धता प्राप्त प्रिंसिपल/प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/असिस्टेंट प्रोफेसर बी.एड. महाविद्यालय हेतु योग्यता एवं अनुभव, नियुक्ति– परिविधम क्रमांक 28 के अंतर्गत

हेल्थ एवं फिजिकल एजुकेशन	फाईन आर्ट
M.P.ED (PHD/NET) न्यूनतम 55%	MFA (PHD/NET) न्यूनतम 55%

परफार्मिंग आर्टस:– स्नातकोत्तर संगीत/डांस/ड्रामा न्यूनतम 55%
NCTE 2014 नियमानुसार, वेतनमान– यू.जी.सी. नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अंदर सभी दस्तावेजों की प्रतिलिपी
संपर्क – सिटी ऑफिस, अंजड नाका, बंधन बैंक के नीचे, बड़वानी (म.प्र.)
मोबा. 9893869625, 9926077380
Email ID: yogeshwarbarwani@gmail.com

R-46690/2022

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002, Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 28/2021-22 कोतवाली परिसर (डबल स्टोरी) के ब्लाक क्र.-01 से 06 के आवास क्र. ए-01 से एफ-04 में मरम्मत का कार्य जिला-शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_186450) एवं निविदा क्रमांक 29/2021-22 निर्माण कार्य पुलिस चौकी गौर, जिला-जबलपुर (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_186454) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.03.2022 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/103789/46685/2022 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-462003
Mobile : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/155/पयं/भोपाल-03/तशा/2022
भोपाल, दिनांक : 22.02.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत नसरुल्लागंज जिला सीहोर के खेल परिसर में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-16/2021-22 (टेण्डर क्रमांक-186104) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 03.03.2022 सायं 3:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/103761/46687/2022 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, भदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/225/मप्रपुहाका/पय/सागर/22 दिनांक 21.02.2022

निविदा सूचना क्रमांक 21/2021-22

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत रायसेन एवं छतरपुर जिलों में भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 08.03.2022 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/103744/46688/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 977 DEPOSIT WORK

No./2800/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 18.02.2022

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of work :** Deposit Work (DW)

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1	Agar	4	307281000.00
2	Neemuch	1	171339000.00
3	Shajapur	1	105351000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **21.02.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

Madhyam/103728/46689/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER**

VACANCIES

■ Principal ■ Asso. Professor ■ Asst. Professor

For : ◗ Mathematics ◗ Physics ◗ Chemistry ◗ Biotechnology ◗ Microbiology ◗ Life Science ◗ Seed Technology ◗ Horticulture ◗ Management ◗ Commerce ◗ Computer Science ◗ Zoology ◗ Botany ◗ Hindi Language ◗ English Language

Salary & Qualification As per UGC Norms

Mail or post application along with a recent Passport Photograph within 15 days

SARDAR VALLABH BHAI PATEL COLLEGE, MANDLESHWAR

Barwaha Road Mandleshwar, Dist. - Khargone (M.P.)

Mob. 8319637270, 7898766231, 913110889

E-mail : svpcmdlresume@gmail.com

MEHTA

R-46691/2022

SHRI CLOTH MARKET INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES

(English Medium College approved by Govt. of M.P. and affiliated to DAVV, Indore)

"Vidhya Parisar", 70, Ganeshganj, Bada Ganpati, Indore 452 002

Ph.: 2410280, Email: scmipscollege@gmail.com

Invites applications for regular (under College Code- St. 28) faculty position of

Assistant Professor *(Full Time)*

as under

SUBJECT	No. of Posts	SUBJECT	No. of Posts	SUBJECT	No. of Posts
Economics	02	Hindi Literature	02	History	02
Political Science	02	English Literature	02	Computer Science	03

Candidates are eligible to apply as per UGC/AICTE/ Inst. norms. Negotiable Salary with PF. Hand written application, Resume with enclosures must reach the Principal within 21 days.

Principal

deepak

R-46683/2022

फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी प्रतियोगिता की तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई गई

भोपाल, मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दी गई है। ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सी.ई.ओ. श्री सत्यानंद ने बताया कि फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के लिए निर्धारित तिथियों में उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ और अधिक गुणवत्ता के वीडियो प्राप्त न होने की वजह से दोनों प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2020

दिनांक 19.02.2022

ऑनलाइन आवेदन अवधि	प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि	परीक्षा अवधि
दिनांक 24.02.2022 से दिनांक 23.03.2022 तक	दिनांक 13.04.2022 से दिनांक 24.04.2022 तक	दिनांक 24.04.2022 से दिनांक 29.04.2022 तक

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2020 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 03/2020 दिनांक 28.12.2020 के संदर्भ में आयोजित की गई, प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 15.01.2022 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफल आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 **दिनांक 24.04.2022 से दिनांक 29.04.2022 तक** इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना तथा शहडोल स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जाएगी :-

दिनांक	विषय	समय
24.04.2022	सामान्य अध्ययन-I	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात् 1.00 बजे तक
25.04.2022	सामान्य अध्ययन-II	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात् 1.00 बजे तक
26.04.2022	सामान्य अध्ययन-III	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात् 1.00 बजे तक
27.04.2022	सामान्य अध्ययन-IV	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात् 1.00 बजे तक
28.04.2022	सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर पश्चात् 1.00 बजे तक
29.04.2022	हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

महत्वपूर्ण निर्देश :-

(1) आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Structured Answer Copy/Question Answer Booklet) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिए दिए गए स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग की वेबसाइट पर नमूनार्थ प्रश्नोत्तर पुस्तिका (Question Answer Booklet) प्रकाशित की गई है। अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड कर परीक्षापूर्व भलीभांति अभ्यास कर लें।

(2) परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।

(3) यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न-पत्र **हिन्दी निबन्ध एवं प्रारूप लेखन** प्रश्न-पत्र सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही उत्तर देना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले आवेदकों को भी षष्ठ प्रश्न-पत्र का हिन्दी माध्यम से ही उत्तर देना होगा।

02. राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा में शार्टलिस्टेड सफल पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन एवं परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 24.02.2022 (दोपहर 12.00 बजे) से 23.03.2022 (रात्रि 12.00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा :-

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन आवेदकों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क
रु. 400/-	रु. 800/-

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क रु. 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा

आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी. ऑनलाइन से **हेल्पलाइन - 0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।**

03. **विलम्ब शुल्क सहित आवेदन :-** आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23.03.2022 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दें, ताकि विलम्ब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं, उनकी सुविधा हेतु अंतिम तिथि के बाद विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की निम्नांकित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है :-

1. दिनांक 24.03.2022 से 31.03.2022 तक - रु. 3000/-
2. दिनांक 01.04.2022 से 17.04.2022 तक - रु. 25000/-

विशेष :- 1. विलम्ब शुल्क की उपरोक्त राशि के साथ परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान पृथक से देय होगा।

2. रु. 3000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदनों में दिनांक 02.04.2022 तक तथा रु. 25000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदन पत्रों में दिनांक 19.04.2022 तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

04. आवेदन ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक 01.03.2022 से दिनांक 25.03.2022 तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात् आवेदन पत्र में कोई सुधार नहीं किए जा सकेंगे। त्रुटि सुधार हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- (सेवाकर सहित) देय होंगे। जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरे जाएंगे, राज्य सेवा परीक्षा 2020 हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयमेव समाप्त हो जाएगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा।

क्र.	Online Tender No.	संस्था का नाम	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अनु. लागत राशि (लाखों में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	उचित पंजीयन की श्रेणी
8.	2022_TAD_184774	आदिवासी कन्या छात्रावास कस्तूरीपिपरिया विकासखंड शहपुरा	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	16.32	31990	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास अमेरा विकासखंड शहपुरा	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		15.67			
			योग -		**31.99**			
9.	2022_TAD_184775	आदिवासी जूनियर छात्रावास बहादुर विकासखंड मेंहदवानी	खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/ विद्युतीकरण संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	10.00	40510	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास कठौतिया विकासखंड मेंहदवानी	खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/ विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		5.00			
		आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पोडी विकासखंड मेंहदवानी	विद्युतीकरण नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		25.51			
			योग -		**40.51**			
10.	2022_TAD_184776	आदिवासी बालक छात्रावास चांदरानी विकासखंड समनापुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	15.58	30580	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास समनापुर विकासखंड समनापुर	खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/ विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		15.00			
			योग -		**30.58**			
11.	2022_TAD_184777	आदिवासी कन्या छात्रावास साल्हेघोरी विकासखंड समनापुर	विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	2000	4.50	44300	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास खुड़िया विकासखंड समनापुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		17.65			
			योग -		**22.15**			
12.	2022_TAD_184778	आदिवासी संयुक्त कन्या छात्रावास समनापुर विकासखंड समनापुर	सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	14.71	33030	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी संयुक्त बालक छात्रावास समनापुर विकासखंड समनापुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		18.32			
			योग -		**33.03**			
13.	2022_TAD_184779	आदिवासी बालक छात्रावास खरगहना विकासखंड बजाग	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	20.00	36550	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास गाडासरई विकासखंड बजाग	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		16.55			
			योग -		**36.55**			
14.	2022_TAD_184780	आदिवासी बालक छात्रावास चांडा विकासखंड बजाग	बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, शौचालय स्नानागार मरम्मत, दरवाजा खिड़की मरम्मत एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	40.60	40600	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
			योग -		**40.60**			
15.	2022_TAD_184781	आदिवासी कन्या छात्रावास चांडा विकासखंड बजाग	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	4.48	35890	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी कन्या छात्रावास धुरकुटा विकासखंड बजाग	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		12.00			
		आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास बजाग विकासखंड बजाग	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		19.41			
			योग -		**35.89**			
16.	2022_TAD_184782	आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास रूसा विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य	5000	22.00	39790	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में

क्र.	Online Tender No.	संस्था का नाम	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अनु. लागत राशि (लाखों में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	उचित पंजीयन की श्रेणी
			पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।					पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास गोरखपुर विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		17.79			
			योग -		**39.79**			
17.	2022_TAD_184783	आदिवासी उत्कृष्ट कन्या छात्रावास करंजिया विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	13.18	35180	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी जूनियर छात्रावास बुंदेला विकासखंड करंजिया	सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		22.00			
			योग -		**35.18**			
18.	2022_TAD_184784	आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास करंजिया विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	18.00	34420	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास जुगदेई विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		16.42			
			योग -		**34.42**			
19.	2022_TAD_184785	आदिवासी कन्या छात्रावास रूसा विकासखंड करंजिया	पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/ विद्युतीकरण संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	2000	6.00	49440	1-1/2	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास मोहतरा विकासखंड करंजिया	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		18.72			
			योग -		**24.72**			
20.	2022_TAD_184786	आदिवासी बालक छात्रावास कमकोमोहनिया विकासखंड अमरपुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	15.00	34000	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास निघौरी विकासखंड अमरपुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		19.00			
			योग -		**34.00**			
21.	2022_TAD_184787	आदिवासी कन्या छात्रावास किसलपुरी विकासखंड अमरपुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	5.75	26750	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक छात्रावास सिधौली मोहगांव विकासखंड अमरपुर	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		21.00			
			योग -		**26.75**			
22.	2022_TAD_184788	अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास डिण्डौरी	छत प्रोफाइल शीट लगाना, काटा, फ्लोरिंग, खिड़की दरवाजा मरम्मत/ बदलना, विद्युतीकरण एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	25.00	40000	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास शहपुरा	खिड़की बदलना, खिड़की में कांच, प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, सीवर लाइन, एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		15.00			
			योग -		**40.00**			
23.	2022_TAD_184789	आदिवासी वृहद कन्या आश्रम डिण्डौरी विकासखंड डिण्डौरी	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, शौचालय स्नानागृह मरम्मत/निर्माण कार्य टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	20.00	39000	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी बालक आश्रम कुदवारी विकासखंड डिण्डौरी	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।		19.00			
			योग -		**39.00**			
24.	2022_TAD_184790	आदिवासी वृहद कन्या आश्रम शहपुरा विकासखंड शहपुरा	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत मरम्मत/विद्युतीकरण, संस्था में आवश्यक सुधार कार्य, नाली निर्माण/सुधार कार्य पेयजल हेतु पाइप लाइन सुधार/निर्माण, शौचालय स्नानागृह निर्माण कार्य एवं संस्था में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्य।	5000	12.00	50000	1-1/2 माह	लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार
		आदिवासी कन्या आश्रम पायलीघुघरी	छत प्रोफाइल शीट लगाना, फ्लोर सुधार कार्य, भवन मरम्मत के अंतर्गत प्लास्टर, पुट्टी, पेंट, खिड़की दरवाजे मरम्मत/बदलना, टाइल्स फिटिंग, सीवर लाइन, विद्युत		13.00			

(शेष पृष्ठ 17 पर)

खजुराहो नृत्य समारोह

खजुराहो की उत्कृष्ट कला को विश्व स्तर पर दिलाएगा पहचान

छतरपुर, खजुराहो नृत्य समारोह खजुराहो की उत्कृष्ट पाषाण कला को विश्व स्तर पर पहचान दिलाएगा। यह न सिर्फ प्रदेश और देश बल्कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ेगा। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने छतरपुर जिले में विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में 48वें 'खजुराहो नृत्य समारोह-2022' का शुभारंभ करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि नृत्य सार्वभौमिक कला है, जिसका जन्म मानव जीवन के साथ हुआ है। यह शिल्प, नाट्य, संगीत और साहित्य का संगम है। पुराणों में इसे दुष्ट नाशक और ईश्वरी साधना का माध्यम माना गया है। खजुराहो नृत्य समारोह इसी शास्त्रीय नृत्य की साधना का गरिमामय आयोजन है।

शास्त्रीय नृत्य संदर्भ का केंद्र होगा स्थापित

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि भारत में सभी कला की अंतर्निहित दृष्टि अध्यात्म है। भारत में मंदिरों की परंपराओं से नृत्य शैलियों का उद्भव हुआ है। तंजौर के मंदिर से भरतनाट्यम, भगवान जगन्नाथ पुरी के मंदिर से ओडीसी नृत्य, नटवर कृष्ण के नृत्य से प्रेरित कथक, केरल के गुरुवायुर मंदिर से कथकली, भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार पर आधारित मोहिनीअट्टम और मणिपुरी नृत्य वैष्णव संप्रदाय की देन है। नृत्य सभी प्रकार के भावों की लयवद्ध प्रस्तुति है। संपूर्ण ब्रह्मांड भी लय बद्धता के कारण ही संचालित होता है।

इन्हीं लयबद्ध नृत्य की मुद्राओं के रूप में खजुराहो की मूर्तियां भारतीय दर्शन की जीवंत झांकियां हैं। सनातन धर्म के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को दर्शाती हैं। यह बाह्य जगत से अंतर्जगत की यात्रा है। मानव जीवन में नृत्य की महानता और उसके योगदान को देखते हुए खजुराहो में शास्त्रीय नृत्य संदर्भ का केंद्र स्थापित किया जाएगा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि बुंदेलों द्वारा 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच कला और संस्कृति के संयोग को मंदिरों के रूप में स्थापित किया गया था। यह मंदिर जोमेट्री, गणित और वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। यहां की मूर्तियों में जीवन जीने की कला का चित्रण है, जो दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलती है।

सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि खजुराहो कला, संस्कृति और अध्यात्म का संगम है। इसे मृतंगेश्वर भगवान की धरती और वर्ल्ड हेरिटेज साइट होने के साथ देश के 17 आइकॉनिक सिटी में से एक होने का गौरव प्राप्त है।

प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह का मंच विश्व में विशिष्ट स्थान रखता है। देश-विदेश के कई नामी-गिरामी कलाकार के लिए यह मंच बहुत महत्वपूर्ण है।

वर्ष 2024 तक मध्यप्रदेश की सड़कें होंगी विश्व स्तरीय - श्री नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुये।

उज्जैन, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने मालवा अंचल को बड़ी सौगात देते हुए 5722 करोड़ रुपये की 534 किलोमीटर लम्बी 11 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

श्री गडकरी ने कहा कि पहले बीमारू राज्य रहा मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अब प्रगतिशील राज्य की श्रेणी में आ गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का बेहतरीन विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम पांच वर्ष के भीतर मध्यप्रदेश का रोड स्ट्रक्चर अमेरिका के समान बना देंगे। साथ ही वर्ष 2024 तक भारत के रोड स्ट्रक्चर को अमेरिका की तरह बनाने का प्रयास करेंगे।

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि उज्जैन में हो रहे महाकाल मंदिर विस्तारीकरण कार्य से मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा यह कार्य निश्चित रूप से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भूतल परिवहन मंत्रालय देश में 20 रोड कम एयर स्ट्रिप बना रहा है। उज्जैन में भी इस तरह के प्रस्ताव भेजने पर स्वीकृति दी जायेगी। महाकाल आने वाले श्रद्धालुओं को इन्दौर आने की आवश्यकता नहीं होगी, अपितु उज्जैन में ही एयर बेस बनायेंगे। उन्होंने उपलब्धता होने पर पानी पर चलने वाले प्लेन की सेवाएं भी उज्जैन संभाग में देने की बात कही।

श्री गडकरी ने कहा कि सांसद श्री अनिल फिरोजिया की मांग पर उन्होंने उज्जैन से झालावाड़ रोड जो टू-लेन बननी है, उसमें 50 किलोमीटर तक की रोड फोरलेन बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। उज्जैन शहर में हवा से चलने वाली बस एवं बसपोर्ट का निर्माण किया जायेगा, जिसका लाभ धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। लोक निर्माण विभाग को इस आशय का प्रस्ताव भेजने के लिये कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जावरा-उज्जैन टू-लेन टोल मार्ग पर पुराने टोल की समस्या दूर कर राज्य शासन प्रस्ताव भेजेगा, तो नई सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि उज्जैन के आसपास इन्दौर और गरोठ मार्ग के निकट शासकीय जमीन चिन्हित कर यदि प्रदान की जाती है, तो यहां लॉजिस्टिक पार्क बनाया जायेगा। प्रदेश के विभिन्न शहरों में बायपास मार्ग के लिये प्रस्ताव आने पर 400 से 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जायेगी।

मालवा का चारों दिशाओं में विकास

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अवंतिका अद्भुत नगरी है। यहां बाबा महाकाल की कृपा बरसती है। हमने निर्णय लिया है कि महाशिवरात्रि के दिन उज्जैन में 21 लाख दीपक जलाए जाएंगे। चौतरफा महाकाल बाबा मंदिर के परिसर के विस्तार की योजना का कार्य चल रहा है। एक चरण पूरा होने वाला है, उसके बाद दूसरा चरण प्रारंभ होगा। 750 करोड़ रुपये की लागत से महाकाल बाबा मंदिर परिसर का विस्तार उन्हीं की कृपा से किया जाएगा। एक तरफ बाबा महाकाल की कृपा है, दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गौरवशाली और वैभवशाली भारत के निर्माण में लगे हुए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी भी अद्भुत नेता हैं, जो विकास की मांग पर सदैव कहते हैं कि कोई कमी नहीं है। उनके द्वारा किए गए विकास का स्वरूप हम देख रहे हैं। उज्जैन चारों तरफ से फोर लेन सड़कों से जुड़ा है। वर्ष 2020 में गडकरी जी ने 11 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। वर्ष 2021 में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं को स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गडकरी जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अलग-अलग प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने महाकाल बाबा की नगरी उज्जैन को मास रेपिड ट्रांसपोर्ट से जोड़ने का निवेदन भी किया, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर उतरें और बस में बैठकर सीधे महाकाल बाबा के मंदिर पहुंच जाएं। ऐसा अद्भुत प्रयोग गडकरी जी कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि बाबा महाकाल की नगरी में भी चमत्कार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा एक और निवेदन है कि नर्मदा जी के दोनों तरफ हमने नर्मदा प्रगति पथ का प्रोजेक्ट बनाया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अपग्रेडेशन के लिए 343 करोड़ रूपये की स्वीकृति

भोपाल, भारत सरकार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश में गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 346 के 87 किलोमीटर क्षेत्र अपग्रेडेशन के लिए 343 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के जाखर खेड़ा, बैरसिया, ढोल खेड़ी तक अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। साथ ही अहमदपुर, बरखेड़ा हसन तथा बैरसिया शहर के आस-पास 13 किलोमीटर क्षेत्र में तीन बाईपास रोड बनाए जाना प्रस्तावित है।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के साथ हुई बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 346 में 87 किलोमीटर क्षेत्र को अपग्रेडेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अपग्रेडेशन से मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश राज्य के बीच आवागमन आसान हो सकेगा। यह हाई-वे ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर एनएच-27 को दिनारा तथा भोपाल-नागपुर कॉरिडोर एनएच-86 को झाखरखेड़ा को जोड़ने में सहायक होगा। इससे भोपाल, ग्वालियर और झांसी के बीच में आवागमन आसान हो सकेगा।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

संस्कृति की सबसे प्रभावी और शक्तिशाली वाहिका है भाषा - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, संस्कृति की सबसे प्रभावी और शक्तिशाली वाहिका भाषा है। भाषा मनुष्य की श्रेष्ठतम संपदा है। भाषा के बिना किसी समाज/समूह की संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती है। अंग्रेजों ने भाषा के दम पर भारत में राज कर कई राजाओं के मध्य युद्ध तक करवा दिये थे, लेकिन वे स्वयं आपस में कभी नहीं लड़े। अब नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी मातृभाषा में पाठ्यक्रमों को तैयार करने का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में अव्वल है। हमने पारंपरिक तौर से अंग्रेजी भाषा के इंजीनियरिंग और मेडिकल पाठ्यक्रमों को हिन्दी में तैयार करने की चुनौती को स्वीकारा है और विषय-विशेषज्ञों के नेतृत्व में यह कार्य प्रगति पर है। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' पर मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी एवं अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय द्वारा 'संस्कृति, संस्कार और सभ्यता का संवर्धन - भारतीय भाषाएं' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहीं।

संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी ने कहा कि भारत की भाषा सबसे श्रेष्ठ है। हिन्दी श्रेष्ठतम भाषाओं में से एक है। श्री कोठारी ने कहा कि मां और मातृभूमि का विकल्प नहीं हो सकता। संसार में लगभग 6 हजार भाषाओं के होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के अंत तक इनमें से केवल 200 भाषाएं ही जीवित बचेंगी। इसमें भारत की कई भाषाएं सम्मिलित हैं। एक भाषा खत्म होने से उस भाषा को बोलने वाले समुदाय, परंपराएं, संस्कृति और अभिव्यक्ति समाप्त होती है। भाषा का महत्व क्या है, इसका चिंतन समाज को भी करना है। जीवन में छोटी-छोटी बातों को अपनाकर परिवर्तन लाया जा सकता है। अपने जीवन में क्या बदलाव ला सकते हैं, इस पर गहन विचार होना चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की द्विमासिक पत्रिका 'रचना' का विमोचन करते हुये।

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर खेम सिंह डहेरिया ने कहा कि हिन्दी विश्वविद्यालय में एमबीबीएस के पाठ्यक्रम को हिन्दी में तैयार करने की जिम्मेदारी है। इस चुनौती को हमने स्वीकार किया है और लगभग एक वर्ष में मौलिक पाठ्यक्रम तैयार हो जायेगा। श्री डहेरिया ने बताया कि यूनेस्को का भाषा एटलस 6 हजार में से 2500 भाषाओं को संकटग्रस्त बताता है।

स्क्रैपिंग पॉलिसी से पर्यावरण प्रदूषण और सड़क सुरक्षा में होगा सुधार

भोपाल, परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा घोषित मोटर यान स्क्रैपिंग पॉलिसी का क्रियान्वयन प्रदेश में प्रारंभ कर दिया गया है। मोटर यान स्क्रैपिंग पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य अनुपयुक्त और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर पर्यावरण के अनुकूल वाहन स्क्रैप के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना है। स्क्रैपिंग पॉलिसी लागू करने से पर्यावरण प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 2022 से 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों का उपयोग नहीं हो सकेगा।

प्रदेश में होंगे 5 लाख कंडम वाहन नष्ट

परिवहन मंत्री ने बताया कि भारत में लगभग एक करोड़ से अधिक अनुपयुक्त वाहन हैं, जिनमें लगभग 5 लाख वाहन मध्यप्रदेश में हैं। पुराने वाहनों के संचालन में ईंधन एवं रखरखाव पर ज्यादा लागत आती ही है। साथ ही कार्बन डाईऑक्साइड पर्यावरण को प्रदूषित भी करता है। उन्होंने कहा कि वाहन स्क्रैपिंग योजना से अनौपचारिक वाहन स्क्रैपिंग उद्योग को औपचारिक रूप दिया जा सकेगा तथा ऑटोमेटिव, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए कम लागत में कच्चा माल भी उपलब्ध हो सकेगा। यदि कोई वाहन स्व-चलित फिटनेस परीक्षण या पुनः परीक्षण में विफल रहता है, तो इसे एंड ऑफ लाइफ वाहन घोषित किया जाएगा। ऐसे वाहनों को अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड वाहन स्क्रैप सुविधा केंद्र के माध्यम से स्क्रैप कराना होगा।

वाहन पंजीयन शुल्क में पूर्णतः छूट

श्री राजपूत ने बताया कि स्क्रैप किए गए वाहनों के विरुद्ध खरीदे गए नए वाहनों के प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार द्वारा वाहन पंजीयन शुल्क में पूर्णता छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार भी ऐसे परिवहन यानों के मोटरयान कर में 15 फीसदी तक और गैर-परिवहन यानों के मोटरयान कर में 25 फीसदी तक छूट प्रदाय करने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि समस्त श्रेणी के भारी वाहनों का फिटनेस टेस्ट अनिवार्य स्वचलित फिटनेस केंद्र से ही कराना होगा।

वाहन स्क्रैप सुविधा केंद्र का पंजीयन

परिवहन आयुक्त श्री मुकेश जैन ने बताया कि रजिस्टर्ड वाहन स्क्रैप सुविधा केंद्र स्थापित करने के लिए कोई भी व्यक्ति, फर्म, सोसाइटी, कंपनी या ट्रस्ट परिवहन आयुक्त को आवेदन कर सकता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पेसा एक्ट लागू करने की कार्यवाही शीघ्रता से करें

भोपाल, पेसा अधिनियम को सरलीकृत कर प्रदेश में लागू किया जायेगा। पेसा एक्ट का चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जायेगा। अधिनियम के लागू होने से ग्रामसभाएं विभिन्न निर्णय ले सकेंगी। ग्रामसभाओं के अधिकार-क्षेत्र में वृद्धि कर पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ किया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में पेसा अधिनियम के अंतर्गत गतिविधियों तथा उनकी समय-सीमा की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा एक्ट लागू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही शीघ्रता से की जाये। अधिनियम के प्रावधानों पर विभिन्न माध्यमों से विचार-विमर्श कर लिया जाये। जन-सामान्य की भाषा में नियम प्रस्तावित करें, जिससे आमजन उसे आसानी से समझ सकें। कठिन शब्दों के स्थान पर सरल शब्दों का इस्तेमाल किया जाये।

श्री चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज का उत्थान करना राज्य शासन की प्राथमिकता है। इसलिए पेसा एक्ट में

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में पेसा अधिनियम के अंतर्गत गतिविधियों की समीक्षा करते हुये।

जनजातियों के लिए किए गए प्रावधानों को अच्छे ढंग से देखकर विसंगतियां दूर कर ली जायें। मुख्यमंत्री ने जल संसाधनों की योजना एवं प्रबंधन, खदान और खनिज, मादक पदार्थ नियंत्रण, गौण वनोपज, बाजारों तथा मेलों पर नियंत्रण सहित विभिन्न विषय पर चर्चा की। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को किसी भी हालत में रुकने नहीं दिया जायेगा। जनजातियों का सशक्तिकरण हमारा मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एक्ट की भावना के अनुरूप कार्य किया जायेगा। उन्होंने साहूकारी, सामाजिक सेक्टरों की संस्थाओं पर नियंत्रण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जन-जागरण और शिक्षा के लिए व्यापक अभियान चलाया जाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्ट को लागू करने में व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर कर लिया जाए। एक्ट को लागू करने के लिए विशेषज्ञों की समिति से विचार-विमर्श किया जाये। एक्ट को अंतिम रूप देने के लिए समय-सीमा का भी ध्यान रखा जाये। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने पेसा एक्ट के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी।

मध्यप्रदेश में डिजिटल और स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना होगी

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश में डिजिटल और स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में डिजिटल और भोपाल में स्किल विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि देश की पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल में स्थापित है। डॉ. यादव ने उज्जैन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और विभागीय अधिकारी केरल विश्वविद्यालय का दौरा कर कॉन्सेप्ट पेपर तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और विभाग के अधिकारी राजस्थान कौशल विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में डिजिटल शिक्षा से युवा परिचित हुए। डिजिटल विश्वविद्यालय के माध्यम से घर-घर तक शिक्षा की पहुंच आसान होगी। विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

दुग्ध उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिये सांची मिल्क हेल्पलाइन शुरू

भोपाल, अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री जे.एन. कंसोटिया ने प्रदेश के दुग्ध संघों से जुड़े दुग्ध उत्पादक किसानों और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिये एकीकृत कॉल-सेंटर 'सांची मिल्क हेल्पलाइन' का शुभारंभ किया। उपभोक्ता और दुग्ध उत्पादक किसान शिकायत दर्ज कराने के लिये 'सांची मिल्क हेल्पलाइन' के नम्बर 0755-4355800 का उपयोग कर सकते हैं।

यह हेल्पलाइन सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर 2 से रात 10 बजे तक 2 पाली में कार्य करेगी। शिकायत निवारण कार्य के पर्यवेक्षण के लिये दुग्ध संघ स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबंध संचालक श्री शमीम उद्दीन ने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से दुग्ध संघों की सम्पूर्ण कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी। समिति सदस्यों, उपभोक्ताओं और सांची से जुड़े व्यक्तियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। सांची उपभोक्ताओं को दूध और दुग्ध उत्पाद की उपलब्धता, गुणवत्ता और पार्लर संबंधी समस्याओं का निराकरण शीघ्रता से किया जा सकेगा।

इसी प्रकार दुग्ध सहकारी समिति के सदस्यों के भुगतान, दुग्ध संकलन के दौरान फैट और एसएनएफ अंकन में त्रुटि, दूध की दर, घी, पशु आहार की उपलब्धता, प्रशिक्षण संबंधी तथा समितियों को दूध बिल भुगतान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का रख-रखाव, टैंकर संचालन, संकलन वाहन, बल्क मिल्क कूलर रख-रखाव आदि समस्याओं का निदान भी हेल्पलाइन के माध्यम से किया जा सकेगा।

मध्यप्रदेश में नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को होगी आयोजित

बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

भोपाल, नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। नेशनल लोक अदालत 12 मार्च को आयोजित होगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण करवाने का आग्रह किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है।

कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन



श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

आ लौट चलें योजना



योजना :

- कक्षा 9 से 12वीं उत्तीर्ण किये बगैर शाला त्यागी (Dropout) विद्यार्थियों को पुन: मुख्यधारा (स्कूल) से जोड़ने हेतु म.प्र. राज्य ओपन स्कूल से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर।
- इन विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. में कक्षा 10वीं अथवा 12वीं के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम ही लागू होगा।

पात्रता :

- समग्र शिक्षा अभियान म.प्र. की सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी स्तर के ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की सूची वाले डाटाबेस में नाम होना चाहिए। ऐसे विद्यार्थियों को ही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा फार्म भरने की अनुमति होगी।
- ऐसे परीक्षार्थी जिनके नाम डाटाबेस में नहीं हैं परन्तु संचालनालय की ड्रॉपआउट परिभाषा में आते हैं, वे जिला स्तरीय संकलन केन्द्र (ई.एफ.ए. स्कूल) पर संपर्क कर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण उपरांत डाटाबेस में सम्मिलित करने पर वह भी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं।
- आवेदन एम. पी. ऑनलाइन www.mponline.gov.in पर करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को अपने साथ अंतिम परीक्षा, जिसमें सम्मिलित हुआ है की मूल अंकसूची एवं फोटो पहचान हेतु दस्तावेज लेकर जाना होगा।
- परीक्षा, जून 2022 में होगी।

प्रवेश पत्र एवं समय सारणी :

- परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट www.mpsos.nic.in, www.mponline.gov.in अथवा मोबाइल एप MPSOS से डाउनलोड कर सकेंगे।
- प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी आदि की जानकारी अंकित होगी। फोन नम्बर : 0755-2552106

"मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर बच्चा स्कूल में पढ़े और सभी को सस्ती और अच्छी शिक्षा अनिवार्य रूप से मिले।"

इंदर सिंह परमार
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्कूल शिक्षा

स्कूल में भी और स्कूल के बाद भी

R-46686

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, शिवाजी नगर, भोपाल

M.P. Madhyam/103772/2022

'वैद्य आपके द्वार' टेलीमेडिसिन एप को मिला राष्ट्रीय स्कॉच अवॉर्ड

नागरिक घर बैठे आयुष डॉक्टर से ले सकते हैं परामर्श

भोपाल, आयुष विभाग के टेलीमेडिसिन एप 'आयुष क्योर' को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'वैद्य आपके द्वार' योजना में विकसित आयुष क्योर एप को प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में विषय-विशेषज्ञों तथा प्रबंधन विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। इसे जन-सामान्य में अधिक से अधिक प्रचारित करने का सुझाव भी दिया गया है।

आयुष विभाग का यह एप गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ही आयुष डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। एप के द्वारा ही रिपोर्ट भेजने तथा उपचार संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। मध्यप्रदेश में अब तक 37 हजार से ज्यादा यूजर द्वारा आयुष क्योर एप डाउनलोड किया जा चुका है। एप पर बुकिंग करने वालों में से 88 प्रतिशत लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया है।

आयुष विभाग द्वारा शुरू की गई 'वैद्य आपके द्वार' योजना के जरिये घर बैठे आयुष चिकित्सा विशेषज्ञ से लाइव वीडियो कॉल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श लिया जा रहा है। योजना में आयुष की तीनों विधाओं आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी का लाभ लिया जा सकता है। नागरिक एंडराइड फोन में गूगल-प्ले स्टोर से 'वैद्य आपके द्वार' एप डाउनलोड कर इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष विभाग ने सामान्य जन को आयुष स्वास्थ्य सेवा सहजता से घर पर ही उपलब्ध कराने के मकसद से इस योजना को टेलीमेडिसिन एप से उपलब्ध कराया है।

जलवायु परिवर्तन के खतरों से धरती को बचाने के लिए पौध-रोपण जरूरी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रकृति की सेवा का संकल्प पौध-रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, वातावरण के तापमान को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग के कारण धरती का तापमान 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ जाएगा। जिससे ग्लेशियर पिघलेंगे, समुद्र का जल-स्तर बढ़ेगा और वर्षा अनियमित होगी। इन संकटों से बचने का एक प्रभावी माध्यम वृक्षारोपण है। वृक्षारोपण को हमें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। परिजनों की स्मृति और हर खुशी के मौके पर हम पौध-रोपण अवश्य करें। जन्म-दिवस पर फूलों के गुलदस्ते, माला पहनाने और होर्डिंग लगाने जैसी गतिविधियां व्यर्थ हैं। पेड़ लगाने से जन्म-दिवस अधिक सार्थक होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सामाजिक संगठनों के साथ भोपाल के तात्या टोपे नगर के ए.बी.डी. क्षेत्र में प्रकृति की सेवा का संकल्प वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री द्वारा अमरकंटक में 19 फरवरी 2021 को नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रतिदिन पौध-रोपण का संकल्प लिया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ों के बिना दुनिया नहीं चल सकती है। पर्यावरण को बचाना है तो समाज को भी आगे आना होगा। मैंने 19 फरवरी, 2021 को नर्मदा जयंती पर अमरकंटक से प्रतिदिन पौध-रोपण आरंभ किया था। मैं भोपाल में रहूं या अन्यत्र प्रवास पर मैंने प्रतिदिन पौध-रोपण किया। अब मुझे यह पौधे अपने परिजनों के समान लगते हैं। पौधे लगाने से आत्मीयता और ममत्व का भाव उत्पन्न होता है। मैं जिस दिन पौधा नहीं लगाता उस दिन अधूरापन लगता है। वर्षभर चले पौध-रोपण अभियान में कई संस्थाएं मेरे साथ पौध-रोपण में सम्मिलित हुईं। इससे यह ज्ञात हुआ कि भोपाल में मैदानी स्तर पर बहुत लोग अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बाल कल्याण, महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन के क्षेत्र में अद्भुत कार्य हो रहा है। सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गतिविधियों से यह लगता है कि संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश को आगे बढ़ाया जा सकता है, जन-कल्याण के कार्य को विस्तार दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण के लिए सभी की ओर से चिंता व्यक्त की जाती है, परंतु यदि पर्यावरण को बचाना है तो समाज को भी सतत् साधना करनी होगी। पेड़ लगाने के कार्य को हमें अपने जीवन की आदत में सम्मिलित करना होगा। इससे हमें संतोष भी होगा और हम अन्य साथियों को भी प्रेरणा दे सकेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत पर्यावरण के अपने संकल्पों को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य दिया है। इसके लिए उनके द्वारा किये जा रहे अनेक प्रयास में प्रमुख प्रयास है वृक्षारोपण। परंतु एक व्यक्ति के पेड़ लगाने से यह लक्ष्य पूर्ण नहीं होगा। हम सबको आगे आना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जीवनदायिनी नर्मदा नदी की धार भी पेड़ों से प्रकट होती है।

ग्लोबल स्किल्स पार्क

एनिमेशन, गेमिंग, टेक्सटाइल मेन्यूफैक्चरिंग पाठ्यक्रम होंगे शामिल

भोपाल, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल में ग्लोबल स्किल्स पार्क समिति की साधारण सभा की पहली बैठक को संबोधित करते हुये बताया कि प्रदेश में युवाओं को निरंतर बाजार मांग के अनुसार रोज़गार के लिए प्रशिक्षित करने के लिए अग्रणी तकनीकों का समावेश आवश्यक है। जीएसपी में एनिमेशन, गेमिंग, टेक्सटाइल मेन्यूफैक्चरिंग जैसे पाठ्यक्रमों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क युवाओं के लिए विश्व स्तर के प्रशिक्षण और सुविधाओं में वृद्धि और आईटीआई, कौशल विकास केंद्र, पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं अन्य तकनीकी और कौशल विकास से जुड़ी संस्थाओं की आवश्यकताओं के लिए मातृ संस्था के रूप में कार्य करेगी।

प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास श्री आकाश त्रिपाठी ने ग्लोबल स्किल पार्क के लिए स्वीकृत 319 पदों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल्स पार्क में चयनित होने वाले ट्रेनर्स की टेक्निकल ट्रेनिंग सिंगापुर में कराई जायेगी।

ग्लोबल स्किल्स पार्क की साधारण सभा की बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, संचालक कौशल विकास श्री जितेन्द्र राजे तथा ग्लोबल स्किल्स पार्क के सीईओ श्री हरजिंदर सिंह मौजूद थे।

हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का पायलेट प्रोजेक्ट जीएमसी से होगा शुरू

प्रथम वर्ष के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिये 3 विषयों का होगा हिन्दी रूपांतरण

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी भाषा में भी होगी। यह सुविधा हिन्दी माध्यम से पढ़े हुए विद्यार्थियों के लिये सहायक सिद्ध होगी। इसके लिये हिन्दी में पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में गठित हिन्दी पाठ्यक्रम उच्च समिति की बैठक मंत्रालय में की गई। इसमें विषय-विशेषज्ञों से चर्चा की गई है।

कार्ययोजना बनाकर विधिवत रूप से कार्य शुरू

श्री सारंग ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप कार्ययोजना बनाकर विधिवत रूप से कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिये हिन्दी दिवस पर घोषणा की गई थी कि इसी सत्र से विद्यार्थियों को यह सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिन्दी में पढ़ाई का मतलब समानांतर रूप से हिन्दी माध्यम से पढ़े छात्रों को सहायता के तौर पर यह व्यवस्था की जा रही है। अंग्रेजी के साथ हिन्दी की किताबें भी उपलब्ध कराने की तैयारी है। श्री सारंग ने बताया कि हिन्दी प्रकोष्ठ का विधिवत गठन कर सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं।

किताबों का रूपांतरण व्यवहारिक पक्ष को ध्यान में रखकर

श्री सारंग ने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज से इसकी शुरुआत होगी। नवाचार के रूप में प्रथम वर्ष के 3 विषयों की किताबों का रूपांतरण व्यवहारिक पक्ष को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवनागरी का उपयोग कर विद्यार्थियों को टूल और प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा की पढ़ाई जल्द और ज्यादा समझ में आती है। फ्रांस, जर्मन, जापान और चीन अपनी भाषा में पढ़ाई कराते हैं।

फैकल्टी भी हिन्दी के सहायक शब्दों का करेगी उपयोग

श्री सारंग ने बताया कि किताबों का वाल्यूम क्रमबद्ध होगा। सब वाल्यूम बनाकर अप्रैल-मई में पाठ्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। कॉपीराइट का भी समुचित अध्ययन किया जा रहा है। इसका पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी को भी हिन्दी में विद्यार्थियों को समझाते हुए क्लासेस लेने के निर्देश दिये गये हैं। तीन विषयों के लिये तीन वार-रूम बनाये जा रहे हैं। भोपाल में एनाटॉमी और बायो-केमेस्ट्री तथा इंदौर में फिजियोलॉजी का वार-रूम तैयार किया जायेगा। इसमें विषय के रूपांतरण के सत्यापन की जांच होगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

खंडवा, धार, खरगौन, बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी तथा अलीराजपुर जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें

9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

इल्कर आयसी

एयर इंडिया के सीईओ और एमडी बने

टाटा संस ने 51 वर्षीय इल्कर आयसी को एयर इंडिया के सीईओ और एमडी के रूप में नामित किया है। आयसी टर्किश एयरलाइंस के चेयरमैन थे। अब आयसी की नियुक्ति पर नियामकीय मंजूरी ली गयी। आयसी का जन्म 1971 में इस्तांबुल में हुआ था। आयसी तुर्की की बिल्केंट यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के पूर्व छात्र हैं। 1995 में उन्होंने इंग्लैंड की लीड्स यूनिवर्सिटी में पॉलिटिकल साइंस पर रिसर्च प्रोजेक्ट किया था।

चिली में

सभी धर्मों के लिये बंद कमल जैसा मंदिर

चिली के पहाड़ पर दिल्ली के लोटस टैंपल जैसा ही एक मंदिर बना है। दोनों में फर्क यह है कि चिली का यह मंदिर बंद कमल जैसा है। जब कि दिल्ली में खिला हुआ कमल जैसा मंदिर है। सैनटियागो पर्वत श्रेणी पर बने इस मंदिर में सभी धर्मों के अनुयायी अपनी मान्यता के मुताबिक पूजा कर सकते हैं। पूजा की विधि दोनों जगह एक सी ही है।



असम

गोल्डन पर्ल चाय 99,999 रु. में बिकी

असम के डिब्रूगढ़ में खास चायपत्ती नाहोरचुकबारी गोल्डन पर्ल 99,999 रुपये किलोग्राम में बिकी है। यह चाय खास खुशबू और जायके के लिये जानी जाती है। पिछले साल 14 दिसम्बर को मनोहारी चाय बागान की गोल्ड चाय भी इतनी ही कीमत में बिकी थी।

इटली से

भारत आएगी बारह सौ साल पुरानी बुद्ध मूर्ति

भारत से 21 साल पहले चोरी हुई बुद्ध प्रतिमा इटली में भारतीय अधिकारियों को सौंप दी गई है। इसे जल्द ही भारत लाया जायेगा। अवलोकितेश्वर पद्मपाणि मुद्रा की प्रतिमा बिहार के नालंदा जिले में देवीस्थल कुंडलपुर मंदिर से वर्ष 2000 में चोरी हो गई थी। यह 1200 साल पुरानी प्रतिमा है।

राजस्थान में

स्क्रैप से बनाई गई बापू की प्रतिमा

जोधपुर के अजय शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 4.5 हजार किलो लोहे के स्क्रैप से प्रतिमा बनाई है। 22 फीट ऊंची प्रतिमा को प्रदर्शनी में रखने के लिये बनाया गया था, लेकिन कोरोना के कारण प्रदर्शनी रद्द हो गई थी। अब उन्होंने इस प्रतिमा को फैक्ट्री में लगा दिया। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर पोस्ट होते ही जोधपुर नगर निगम और दिल्ली यूनिवर्सिटी ने इसे खरीदने का प्रस्ताव दिया है। नार्वे के भारतीय मूल के समीर शर्मा ने इसे खरीदने की इच्छा जाहिर की है। वे ओस्लो में टाउन हॉल के सामने इस मूर्ति को लगायेंगे। वहां हर साल शांति पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन होता है। बापू शांति के प्रतीक माने जाते हैं, इसलिये उन्होंने यह स्क्रैप से बनी मूर्ति खरीदने का प्रस्ताव दिया।

जी अशोक कुमार

देश के पहले समुद्री सुरक्षा समन्वयक बने

देश की समुद्री सुरक्षा में समन्वयक स्थापित करने के लिये पहली वार राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक (एनएमएससी) की नियुक्ति की गई है। इस पद पर अवकाश प्राप्त वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल अशोक कुमार समुद्री गतिविधियों में सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के सभी हिस्सेदारों के साथ समन्वय बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये बनी कमेटी ने 2021 में इस पद के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी।

तमिलनाडु

आकार लेने लगा रामेश्वरम का पंबन ब्रिज

रामेश्वरम को तमिलनाडु से जोड़ने वाला पंबन रेलवे ब्रिज आकार लेने लगा है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी तस्वीरों में यह पूरा होता दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में रामेश्वरम - मदुरै पैसेंजर ट्रेन पुराने ब्रिज से गुजर रही हैं। नया ब्रिज देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज होगा। नया ब्रिज 2.05 किलोमीटर लंबा है। इसके इस साल तक बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है।

अमन पांडे

गूगल में 280 बग खोज कर जीता इनाम

इंदौर शहर के युवा अमन पांडे को गूगल ने 280 बग्स खोजने के परिणाम स्वरूप 65 करोड़ रुपये का इनाम दिया है। गूगल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बग्स मिरर टीम के अमन पिछले साल भी टॉप रिसर्चर रहे। उन्होंने पिछले साल 232 बग रिपोर्ट किये हैं। उन्होंने 2019 में पहली बार अपनी रिपोर्ट दी थी। तब से अब तक वे एंड्राइड वल्नरेबिलिटी रिवॉर्ड प्रोग्राम (वीआरपी) के लिये 280 से अधिक वल्नेरेबिलिटी के बारे में रिपोर्ट कर चुके हैं।

उत्तर मैसेडोनिया

राष्ट्रपति ने की डाउन सिंड्रोम पीड़ित बच्ची की मदद

विशेष बच्चों की रोजमर्रा की परेशानियों को लेकर उत्तर मैसेडोनिया के राष्ट्रपति स्टीवो पेंडारोव्स्की ने नया उदाहरण दुनिया के सामने रखा है। ग्यारह वर्षीय एम्बला डाउन सिंड्रोम से पीड़ित है। इस बीमारी में बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास सामान्य नहीं होता। इसलिये कई बार दूसरे बच्चे उन्हें परेशान भी करते हैं। एम्बला की यह परेशानी जब राष्ट्रपति के पास पहुंची तो वे बच्ची के घर गये और उसे लेकर स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों को समझाया कि विशेष बच्चों से कैसा व्यवहार करना चाहिये।

ब्रुसेल्स म्यूजियम ने

नाजियों द्वारा लूटी गई पेंटिंग को लौटाया

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजियों द्वारा लूटी गई फ्लावर्स नामक पेंटिंग को लगभग 71 साल बाद ब्रुसेल्स म्यूजियम ने यहूदी दंपती मायर के वंशजों को लौटा दिया। 1951 में इस पेंटिंग के स्वामित्व का पता नहीं चल पाया था। म्यूजियम के निदेशक मिशेल ड्राग्वेट ने कहा कि पेंटिंग को उसके मालिक के परिवार वालों को सौंप कर बेहद संतुष्टि मिल रही है।

एन. चंद्रशेखरन

फिर बने टाटा संस के चेयरमैन

एन. चंद्रशेखरन फिर से टाटा संस के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन चुने गये हैं। टाटा संस की बोर्ड मीटिंग में उनका चयन किया गया। उनके पिछले 5 साल के कामकाज की समीक्षा के बाद अगले 5 साल के लिये उन्हें इस पद पर नियुक्ति दी गई है। बैठक में रतन एन. टाटा विशेष आमंत्रित थे। बताया जाता है कि रतन टाटा ने चंद्रशेखरन के नेतृत्व में टाटा समूह को प्रगति और प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया है।

तुर्की

अब तुर्किये नाम से पहचाना जायेगा

तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन ने अपने देश तुर्की का नाम बदल दिया है। अब तुर्की को तुर्किये के नाम से जाना जायेगा। अब सभी तरह के व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और राजनयिक कार्यों के लिये तुर्की की जगह तुर्किये का इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि देश के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नाम को तुर्की से बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि तुर्किये शब्द तुर्की राष्ट्र की संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों को बेहतरीन तरीके से दर्शाता है।

विनीत जोशी

सीबीएसई के चेयरमैन बने

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने विनीत जोशी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का नया चेयरमैन बनाया है। वह वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वह आईएएस मनोज आहूजा की जगह लेंगे। विनीत जोशी मणिपुर 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

फैन फेवरेट अवॉर्ड

ऑस्कर ने इस साल शामिल किया

ऑस्कर 2022 में पहली बार सबसे पॉपुलर फिल्म के लिये एक नया 'फैन फेवरेट अवॉर्ड' शामिल किया गया है। ट्विटर पर यूजर अपनी पसंदीदा फिल्म के साथ # Oscars Fan Favorite और # Sweepstakes लिख कर वोट कर सकते हैं। साथ ही, इनमें से 3 लोगों को ऑस्कर 2023 में शामिल होने का मौका भी दिया जायेगा।

ओलिवियर रियोक्स

दुनिया का सबसे लंबा किशोर

महज 15 साल की उम्र में कनाडा के ओलिवियर रियोक्स का नाम अपने बढ़ते कद की वजह से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है। बास्केट बॉल खिलाड़ी ओलिवियर की लंबाई 7 फुट 5 इंच है। इससे पहले यह रिकॉर्ड चीन के रेन कियू के नाम था। उनकी लंबाई 7 फुट 3 इंच है। रियोक्स 20 नंबर का जूता पहनता है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी लंबाई अभी और बढ़ सकती है। रियोक्स के माता-पिता की लंबाई क्रमशः 6 फुट 2 इंच और 6 फुट 8 इंच है। चिकित्सकों का तब अनुमान था कि ओलिवियर 6 फुट 5 इंच तक ही लंबे होंगे। पर वे अनुमान से अधिक लंबे हो गये हैं।

स्मृति शेष

फिल्मकार रवि टंडन का निधन

फिल्म निर्देशक रवि टंडन का 86 वर्ष की उम्र में पिछले सप्ताह निधन हो गया। वह सिने तारिका रवीना टंडन के पिता थे। उन्होंने 'मजबूर', 'अनहोनी', 'खेल-खेल में' और खुद्दार जैसी सफल मनोरंजक फिल्म बनाई थीं। बतौर निर्माता उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण किया था। जिनमें फिल्म 'एक मैं एक तू' और 'अपने रंग हजार' शामिल थीं।



बजाज ग्रुप के संस्थापक राहुल बजाज का निधन

भारतीय उद्योग जगत में 'हमारा बजाज' के नारे को बुलंद करने वाले बजाज मोटर्स के संस्थापक राहुल बजाज का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह करीब 50 वर्ष तक बजाज कंपनी के चेयरमैन रहे। उनका जन्म 10 जून 1938 को कोलकता में हुआ था। 2001 में उन्हें 'पद्म भूषण' अवॉर्ड मिला था। 2006 से 2010 तक वे राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार 'नाइट ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया था।



डिस्को किंग बप्पी लाहिड़ी का निधन

अस्सी और 90 के दशक में भारत में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले संगीताकर और गायक बप्पी लाहिड़ी का 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। बंगाली फिल्म दादू (1972) में उन्हें गाने का पहला अवसर मिला था। 1973 (नन्हा शिकारी) से उन्होंने हिंदी फिल्मों में गायन शुरु किया। बप्पी लाहिड़ी ने संगीतकार लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, कल्याणजी आनंद जी और आर.डी. बर्मन जैसे कई दिग्गज संगीताकरों के साथ काम किया था। उनकी फिल्में 'टूटे खिलौने' और 'लहू के दो रंग' कामयाब हुई। 1982 में डिस्को डांसर ने उन्हें दुनिया भर में 'जिमी जिमी आजा' गीत से लोकप्रिय कर दिया था।

प्रख्यात कन्नड़ साहित्यकार डॉक्टर चेन्नावीरा कानवी का निधन

प्रख्यात कन्नड़ साहित्यकार डॉक्टर चेन्नावीरा का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। चेन्नावीरा ने 15 से अधिक पुस्तकें लिखीं थीं। जिनमें कविताओं का संकलन, निबंधों का संग्रह और विभिन्न अन्य पुस्तकें शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल की गायिका संध्या मुखोपाध्याय का निधन

- कथन 1 सही नहीं है। मूल अधिकार अन्य अधिकारों से भिन्न हैं। साधारण कानूनी अधिकारों को साधारण कानून द्वारा सुरक्षित और प्रवर्तित किया जाता है जबकि मूल अधिकारों को देश के संविधान द्वारा सुरक्षित या सुनिश्चित किया गया है।
- कथन 2 सही नहीं है। साधारण अधिकार विधायिका द्वारा कानून बनाने की साधारण प्रक्रिया के माध्यम से परिवर्तित किये जा सकते हैं, किन्तु मूल अधिकार केवल संविधान को संशोधित करके ही परिवर्तित किये जा सकते हैं।

(7) उच्च न्यायालय की परमादेश जारी करने की शक्ति किसके अंतर्गत आती है?
1. संवैधानिक अधिकार
2. सांविधिक अधिकार
3. मौलिक अधिकार
कूटः A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. उपर्युक्त सभी।
उत्तर - (D)
व्याख्या -
- उच्चतम न्यायालय को अनुच्छेद 32 के तथा उच्च न्यायालय को अनुछेद 226 के बाद मूल अधिकारों की रक्षा के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा, उत्प्रेषण संबंधी रिट निकालने का अधिकार है किंतु जहां उच्चतम न्यायालय केवल मूल अधिकारों की रक्षा के लिए इन्हें निकाल सकता है, वहीं उच्च न्यायालय मूल अधिकारों सहित अन्य विधिक अधिकारों को लागू कराने के लिए भी रिट को निकाल सकता है।

अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

(8) भारतीय संविधान के मूल अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -
1. विधि के समक्ष समता ब्रिटेन के संविधान से लिया गया है। यह एक नकारात्मक धारणा है।
2. विधियों का समान संरक्षण अमेरिका के संविधान से लिया गया है। यह एक सकारात्मक धारणा है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2
उत्तर - (D)
व्याख्या - उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं।
- संविधान के अनुच्छेद-14 में कहा गया है कि राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।
- विधि के समक्ष समता ब्रिटेन के संविधान से लिया गया है। यह एक नकारात्मक धारणा है, जबकि विधियों का समान संरक्षण अमेरिका के संविधान से लिया गया है। यह एक सकारात्मक धारणा है।

(9) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए -
1. नीति-निदेशक तत्व वाद योग्य हैं।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-35 से 51 तक इसका प्रावधान किया गया है।
3. इसे आयरलैण्ड के संविधान से लिया गया है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?
A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3
उत्तर - (B)
व्याख्या -
- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों के संबंध में कथन-2 सही नहीं है, क्योंकि इसकी चर्चा संविधान के अनुच्छेद-36 से 51 तक की गई है न कि अनुच्छेद 35-51 तक।
- कथन-(1) इसलिये सही नहीं है, क्योंकि नीति-निदेशक के प्रवर्तन के लिये/उल्लंघन पर न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसकी प्रकृति गैर-न्यायोचित है। राज्य इसे लागू करने के लिये बाध्य नहीं है।
- कथन-(3) सही है, क्योंकि संविधान निर्माता ने इसे आयरलैण्ड के संविधान से लिया है।

(10) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त के उद्देश्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -
1. धार्मिक राज्य की स्थापना करना।
2. सामाजिक-आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करना।
3. एक लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना।
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये -
A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3
उत्तर - (B)
व्याख्या -
- उपर्युक्त में से कथन-1 राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त का उद्देश्य नहीं है।
- अनुच्छेद-38 में कहा गया है कि राज्य लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिये सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय द्वारा सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।
- ये सिद्धान्त लोकतांत्रिक समाजवादी राज्य का खाका खींचते हैं, जिसका लक्ष्य सामाजिक और आर्थिक न्याय प्रदान करना है तथा ये लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

(11) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र किसको संबोधित करते हुए देता है?
A. राष्ट्रपति
B. भारत का मुख्य न्यायाधीश
C. संबंधित राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
D. राज्य के राज्यपाल
उत्तर - (A)
व्याख्या -
- उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपने पद की शपथ लेने के बाद 62 वर्ष की आयु तक अपने पद पर कार्यरत रहता है। इससे पूर्व वह राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर युक्त पत्र द्वारा अपना पद त्याग कर सकता है। अतः विकल्प A सही है।

(12) भारत के संविधान के अंतर्गत एक धन विधेयक को प्रस्तुत किया जाता है?
A. राज्यसभा में
B. लोकसभा में
C. लोक लेखा समिति में
D. लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों में एक साथ
उत्तर - विकल्प B सही हैं।
व्याख्या - धन विधेयक केवल लोकसभा में ही प्रस्तावित किया जा सकता है संविधान के अनुच्छेद 110 में इसकी परिभाषा दी गई है।

(13) मूल कर्त्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. स्वर्ण सिंह समिति के सिफारिश पर इन्हें संविधान में जोड़ा गया।
2. भारत के संविधान में इसे आयरलैंड के संविधान से प्रभावित होकर शामिल किया गया।
3. मूल रूप में दस मूल कर्त्तव्यों को भारत के संविधान में शामिल किया गया है।
4. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा ग्यारहवां मूल कर्त्तव्य संविधान में जोड़ा गया।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4
उत्तर - (C)
व्याख्या -
- भारत के संविधान में शामिल मूल कर्त्तव्यों के संबंध में कथन 2 गलत है, क्योंकि मूल कर्त्तव्यों को पूर्व सोवियत संघ (रूस) के संविधान से प्रभावित होकर भारत के संविधान में शामिल किया गया है।
- स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा इन्हें शामिल किया गया। इस समिति ने आठ मूल कर्त्तव्यों के जोड़े जाने का सुझाव दिया था, किंतु भारत के संविधान में दस मूल कर्त्तव्यों को मूल रूप में शामिल किया गया।
- कथन 4 गलत है क्योंकि 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा भारत के संविधान में एक अन्य मूल कर्त्तव्य को जोड़ा गया। वर्तमान में मूल कर्त्तव्यों की कुल संख्या ग्यारह है।

(14) 73वां संविधान संशोधन अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
1. भारत में पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
2. संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची जोड़कर उसमे 29 विषयों का उल्लेख।
3. महिलाओं के लिए एक चौथाई आरक्षण का प्रावधान है।
कूट- A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. उपर्युक्त सभी
उत्तर - A
व्याख्या -
- बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशों के आधार पर 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 लागू किया गया।
- इसके अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधान किए गए :-
1. पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
2. पंचायतों में त्रिस्तरीय व्यवस्था का आरंभ हुआ।
3. संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची जोड़कर पोस्ट में 29 विषयों का उल्लेख किया गया।
4. पंचायतों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया है

अतः कथन 1 और 2 सही है।

(15) भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन जिला न्यायाधीश की अभिव्यक्ति के अंतर्गत सम्मिलित नहीं होता?
A. मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट
B. सेशन न्यायाधीश
C. अधिकरण न्यायाधीश
D. लघुवाद न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
उत्तर - विकल्प C सही है।
व्याख्या - संविधान के अनुच्छेद 236(क) में जिला न्यायाधीश के अंतर्गत क्या-क्या शामिल होगा इसके बारे में बताया गया है।

(16) संविधान का 93वां संविधान संशोधन अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
1. सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण से संबंधित है।
2. सरकारी भर्तियों में महिलाओं के 30% पदों के आरक्षण से संबंधित है।
उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न तो 2
उत्तर - A
व्याख्या -
- संविधान का 93 वां संविधान संशोधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत अनुच्छेद 15 में एक नया खंड 15(5) शामिल किया गया।
- जिसके अंतर्गत यह व्यवस्था की गई की राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए शैक्षणिक संस्थाओं (निजी संस्थाएं भी) में प्रवेश के लिए प्रावधान कर सकता है।
- इसमें अल्पसंख्यक वर्गों की संस्थाएं शामिल नहीं हैं।

- श्री बसंत (के.एल.) जाटव
(लेखक - प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान, अंक गणित और तार्किक योग्यता

1. भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष कौन हैं?
(अ) थॉमस वॉक
(ब) जर्नादन गहलोत
(स) नरिंदर बत्रा
(द) ज्ञानेन्द्रो निंगोबाम
उत्तर- (स) नरिंदर बत्रा

2. रितिका दांगी का संबंध निम्न में से किस खेल से है?
(अ) क्रिकेट (ब) तीरंदाजी
(स) तलवारबाजी (द) सेलिंग
उत्तर- (द) सेलिंग

3. स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को भारत रत्न किस वर्ष प्रदान किया गया था?
(अ) 2001 (ब) 2004
(स) 2010 (द) 2013
उत्तर- (अ) 2001 में

4. बंशी कोल का संबंध कला की किस विधा से है?
(अ) लेखक
(ब) रंगकर्मी
(स) ध्रुपद गायक
(द) सितार वादक
उत्तर- (ब) रंगकर्मी

5. वर्ष 2020 का प्रभाष जोशी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
(अ) अजय वक्तारिया
(ब) वैष्णवी कहार
(स) हर्ष यादव
(द) चिंतामणि कश्यप
उत्तर- (ब) वैष्णवी कहार

6. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' निम्न में से किसकी रचना है?
(अ) भवानी प्रसाद मिश्र
(ब) हरिशंकर परसाई
(स) शरद जोशी
(द) कामता प्रसाद गुरु
उत्तर- (स) शरद जोशी

7. निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर खजुराहो में स्थित नहीं है?
(अ) दुल्हादेव मंदिर
(ब) चित्रगुप्त मंदिर
(स) मतंगेश्वर मंदिर
(द) तेली का मंदिर
उत्तर- (द) तेली का मंदिर

8. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
उत्सव
(अ) कुमार गंधर्व उत्सव
(ब) लोकरंग उत्सव
(स) ध्रुपद समारोह
(द) मध्यप्रदेश समारोह
स्थान
(अ) देवास (ब) मांडू
(स) भोपाल (द) नई दिल्ली
उत्तर- (ब) लोकरंग उत्सव - मांडू

9. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की स्थापना किस वर्ष की गई?
(अ) 1947 (ब) 1946
(स) 1956 (द) 1958
उत्तर- (ब) 1946

10. मानव विकास सूचकांक 2021 में भारत को कौन सा स्थान प्रदान किया गया है?
(अ) 144वां (ब) 120वां
(स) 131वां (द) 135वां
उत्तर- (स) 131वां

11. इंसुलिन नामक हार्मोन का स्त्रावण कौन सी ग्रंथि/कोशिकाओं से होता है?
(अ) α कोशिकाएं
(ब) β कोशिकाएं
(स) पीयूष ग्रंथि
(द) थायमस ग्रंथि
उत्तर- (ब) β कोशिकाएं

12. द्रव अवस्था में पाई जाने वाली अधातु कौन सी है?
(अ) पारा (ब) ब्रोमीन
(स) फ्लोरीन (द) कोई नहीं
उत्तर- (ब) ब्रोमीन

13. हरा कसीस में कौन सा अम्ल पाया जाता है?
(अ) नाइट्रिक अम्ल
(ब) बेंजोइक अम्ल
(स) सलफ्यूरिक अम्ल
(द) फार्मिक अम्ल
उत्तर- (स) सल्फ्यूरिक अम्ल

14. निम्नलिखित में से 'रेडियन' किसका मात्रक है?
(अ) घन कोण
(ब) समतल कोण
(स) श्यानता
(द) चुम्बकीय प्रेरण
उत्तर- (ब) समतल कोण (ठोस कोण)

15. विटामिन B_6 का रासायनिक नाम क्या है?
(अ) बायोटीन
(ब) सायनोकोबालमिन
(स) नियासिन
(द) पाइरिडोक्सिन
उत्तर- (द) पाइरिडोक्सिन

16. निम्नलिखित में से कौन उड़ने वाला स्तनपायी है?
(अ) चमगादड़ (ब) शुतुरमुर्ग
(स) पैलिकन (द) जेगुआर
उत्तर- (अ) चमगादड़

17. जब चींटियां काटती हैं, तो वे क्या अंतः क्षेपित करती हैं?
(अ) एसीटिक अम्ल
(ब) मैथेनॉल
(स) फॉर्मिक अम्ल
(द) नाइट्रिक अम्ल
उत्तर- (स) फॉर्मिक अम्ल

18. हल्दी पौधे का कौन सा भाग है?
(अ) जड़ (ब) फल
(स) तना (द) पुष्प
उत्तर- (स) तना

19. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक बहुलक है?
(अ) लेक्सान (ब) रेशम
(स) केपलार (द) बैकेलाइट
उत्तर- (ब) रेशम

20. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
संयंत्र
(अ) विश्वेश्वरैया संयंत्र
(ब) बोकारो स्टील संयंत्र
(स) भिलाई स्टील संयंत्र
(द) दुर्गापुर इस्पात संयंत्र
स्थान
(अ) कर्नाटक (ब) झारखण्ड
(स) छत्तीसगढ़ (द) झारखण्ड
उत्तर- (द) दुर्गापुर स्टील संयंत्र- झारखण्ड

21. बैरोमीटर के पठन का लगातार बढ़ना किस प्रकार का संकेत देता है?
(अ) तूफानी मौसम का संकेत
(ब) वर्षा की स्थिति का संकेत
(स) साफ मौसम का संकेत
(द) कोई नहीं
उत्तर- (स) साफ मौसम का संकेत

22. 'सावित्री' के रचनाकार कौन थे?
(अ) परांजपे
(ब) अरविंद घोष
(स) सी.आर. दास
(द) लाला हरदयाल
उत्तर- (ब) अरविंद घोष

23. रहनुमाई माजदायासन सभा की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) दादा भाई नौरोजी
(ब) राजा राममोहन राय
(स) सर सैयद अहमद खाँ
(द) कोई नहीं
उत्तर- (अ) दादा भाई नौरोजी

24. महात्मा गांधी ने टॉलस्टाय फॉर्म कब शुरू किया था?
(अ) 1920 (ब) 1910
(स) 1980 (द) 1915
उत्तर- (ब) 1910 में

25. वर्तमान में विश्व व्यापार संगठन (WTO) में कितने सदस्य देश शामिल हैं?
(अ) 188 (ब) 189
(स) 67 (द) 164
उत्तर- (द) 164

26. 'समन्वित निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम' (IGMDP) कब शुरू किया गया था?
(अ) 1990 (ब) 1983
(स) 2000 (द) 2010
उत्तर- (ब) 1983 में

27. किस संविधान संशोधन के तहत गोवा को 25वें राज्य का दर्जा दिया गया था?
(अ) 53वां (ब) 56वां
(स) 58वां (द) 59वां
उत्तर- (ब) 56वां

28. निम्नलिखित में से कौन सी समिति पंचायती राज से संबंधित नहीं है?
(अ) अशोक मेहता समिति
(ब) एल.एम. सिंधवी समिति
(स) पी.के. थुंगन समिति
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (द) इनमें से कोई नहीं

29. लाइकेन मिश्रित जीव है, जो बने होते हैं?
(अ) कवक एवं जीवाणु से
(ब) कवक एवं शैवाल से
(स) कवक एवं ब्रायोफाइटा से
(द) शैवाल एवं जीवाणु से
उत्तर- (ब) कवक एवं शैवाल से

30. 'चिल्ड्रन पीस इमेज ऑफ द ईयर' ग्लोबल पीस फोटो अवॉर्ड-2021 जीतने वाली पहली भारतीय हैं?
(अ) सौम्या सुरेश गणपति
(ब) आध्या अरविंद शंकर
(स) पूर्णिमा गणेश सतपथी
(द) नव्या नारायण
उत्तर- (ब) आध्या अरविंद शंकर

अंक गणित

1. दो संख्याओं का HCF 11 तथा LCM-7700 है, यदि पहली संख्या 275 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?
(अ) 279 (ब) 283
(स) 308 (द) 318
उत्तर- (स) 308
हल- दूसरी संख्या $= \frac{11\times 7700}{275} = 308$

2. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 12, 15, 20 और 54 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 8 शेष रहता है?
(अ) 504 (ब) 536
(स) 544 (द) 548
उत्तर- (द) 548
हल- संख्या
$= (\text{LCM of } 12,15,20,54)+8$
$= 540 + 8 \Rightarrow 548$

3. यदि a-b = 3 तथा $a^2+b^2 = 29$ तो ab का मान ज्ञात कीजिए?
(अ) 10 (ब) 12
(स) 15 (द) 18
उत्तर- (अ) 10
हल- $\because (a-b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$
$\therefore 2ab = (a^2+b^2) - (a-b)^2$
$2ab = 29 - (3)^2 \Rightarrow ab = 10$

4. $\frac{(469+174)^2 - (469-174)^2}{(469\times 174)}$ का मान ज्ञात कीजिए?
(अ) 2 (ब) 4
(स) 295 (द) 643
उत्तर- (ब) 4
हल- दिया गया है -
$\frac{(a+b)^2-(a-b)^2}{ab} \Rightarrow \frac{4ab}{ab}$
(यदि a = 469, b = 174)
$= \frac{4(469\times 174)}{469\times 174} = 4$

5. 36 आदमी किसी काम को 18 दिन में समाप्त करते हैं, उसी काम को 27 आदमी कितने दिन में समाप्त करेंगे?
(अ) 12 (ब) 18
(स) 32 (द) 24
उत्तर- (द) 24
हल- माना 27 आदमी a दिन में कार्य समाप्त करेंगे
$\text{कार्य}_1 \times \text{समय}_1 = \text{कार्य}_2 \times \text{समय}_2$
$36 \times 18 = 27 \times a$
$a = \frac{36\times 18}{27} = 24$

6. गलत पद छांटिए -
2, 5, 10, 17, 26, 37, 50, 64
(अ) 50 (ब) 26
(स) 37 (द) 64
उत्तर- (द) 64
हल- $(1\times 1)+1, (2\times 2)+1, (3\times 3)+1,$
$\Downarrow \quad \Downarrow \quad \Downarrow$
$2 \quad 5 \quad 10$
$(4\times 4)+1, (5\times 5)+1.....$
$\Downarrow \quad \Downarrow$
$17 \quad 26$
किन्तु 64 इसे फॉलो नहीं करता है

7. अगला पद ज्ञात कीजिए :-
11, 13, 17, 19, 23, 29, 31, 37, 41, ?
(अ) 43 (ब) 47
(स) 53 (द) 51
उत्तर- (अ) 43
हल- सभी संख्या अभाज्य संख्या है, अतः अगला पद 43 होगा

8. 52 ताश के पैकेट से यादृच्छिक रूप से एक पत्ता खींचा जाता है। उस पत्ते की फेस कार्ड होने की संभावना ज्ञात कीजिए?
(अ) $\frac{1}{13}$ (ब) $\frac{3}{13}$
(स) $\frac{1}{4}$ (द) $\frac{9}{52}$
उत्तर- (ब) $\frac{3}{13}$
हल- हम जानते हैं ताश के पत्तों में 12 फेस कार्ड होते हैं
$\therefore P$ (फेस कार्ड आने की संभावना)
$= \frac{12}{52} = \frac{3}{13}$

9. एक आयत का विकर्ण $\sqrt{41}$ सेमी. है और इसका क्षेत्रफल 20 वर्ग सेमी. तो आयात की परिधि कितनी होगी?
(अ) 9 सेमी. (ब) 18 सेमी.
(स) 20 सेमी. (द) 41 सेमी.
उत्तर- (ब) 18 सेमी.
हल- दिया गया है -
(i) $\sqrt{l^2+b^2} = \sqrt{41}$
$\Rightarrow l^2 + b^2 = 41$
(ii) $lb = 20$
$(l+b)^2 = (l^2+b^2) + 2lb$
$= (41) + 2(20)$
$(l+b)^2 + 81 \Rightarrow l + b = 9$
अतः परिधि = $2(l+b) \Rightarrow 18$ सेमी.

तार्किक योग्यता

1. असमान छांटिए :-
(अ) गेसोलिन (ब) मीथेन
(स) पेराफिन पेक्स (द) डिसॅल
उत्तर- (ब) मीथेन

2. आयुष का जन्म उसके पिता की शादी के दो साल बाद हुआ था। उसकी माँ उसके पिता से 5 वर्ष छोटी है, लेकिन आयुष से 20 वर्ष बड़ी है, आयुष जो कि 10 वर्ष का है। तो पिता की शादी किस उम्र में हुई थी?
(अ) 23 साल (ब) 25 साल
(स) 33 साल (द) 35 साल
उत्तर- (अ) 23 साल
हल- आयुष की वर्तमान उम्र = 10 वर्ष
माता की वर्तमान उम्र = (10+20) वर्ष = 30 वर्ष
पिता की वर्तमान उम्र = (30+5) वर्ष = 35 वर्ष
आयुष के जन्म के समय पिता की आयु = (35 - 10) वर्ष = 25 वर्ष
अतः विवाह के समय पिता की आयु = (25 - 2) वर्ष = 23 वर्ष

3. एक घन की सभी फलकों को नीले रंग से रंगा गया है। फिर इसे 125 छोटे बराबर घनों में काट दिया है। तो केवल एक फलक रंगे हुए कितने घन बनेंगे?
(अ) 54 (ब) 8
(स) 16 (द) 24
उत्तर- (अ) 54
हल- बड़े घन की एक भुजा
$= \sqrt[3]{125} = 5$ सेमी
केवल एक फलक रंगे हुए घन
$= (5-2)^2 \times 6$
(क्योंकि घन में 6 फलक होते हैं)
$= 9 \times 6 = 54$

4. कथन :
(1) A + B का अर्थ है A, B की माता है।
(2) A - B का अर्थ है A, B की बहन है।
(3) A × B का अर्थ है A, B का पिता है।
(4) A ÷ B का अर्थ है A, B का पिता है।
तो निम्न में से किसका अर्थ है कि Q, P का दादा है -
(अ) $P + N \times M \times Q$
(ब) $Q \times N \times M + P$
(स) $Q \div M \div N \times P$
(द) कोई नहीं
उत्तर- (द) कोई नहीं

5-6. निर्देश : पाँच लड़कियाँ एक बैंच पर बैठी हैं। सीमा रानी के बायीं ओर बिंदु के दायीं ओर है। मैरी, रानी की बायीं ओर नहीं है और रीता, रानी और मैरी के बीच में है:-
(5) रीता के ठीक दायीं ओर कौन बैठा है-
(अ) बिंदु (ब) रानी
(स) मैरी (द) सीमा
उत्तर- (स) मैरी
(6) बैंच पर ठीक बीच में कौन बैठी है-
(अ) बिंदु (ब) रानी
(स) रीता (द) सीमा
उत्तर- (ब) रानी
हल-
बिंदु सीमा रानी रीता मैरी

7. कथन :
(i) कुछ चाबियां स्टेपलर हैं।
(ii) कुछ स्टेपलर स्टीकर हैं।
(iii) सभी स्टीकर पेन हैं।
निष्कर्ष :
(i) कुछ पेन स्टेपलर हैं।
(ii) कुछ स्टीकर चाबियां हैं।
(iii) कुछ स्टीकर चावी नहीं हैं।
(iv) कुछ स्टेपलर चाबियां हैं।
(अ) केवल (i) और (ii)
(ब) केवल (ii) और (iv)
(स) केवल (ii) और (iii)
(द) केवल (i) और (iv), या तो (ii) या (iii)
उत्तर- (द) केवल (i) और (iv), या तो (ii) या (iii)
हल-


8. उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए संयोजन के दर्पण प्रतिबिम्ब से मिलता जुलता हो?
EFFECTIVE
(अ) ∃VITC∃FFF∃
(ब) EVITCEFFE
(स) ∃FF∃∃DTIVD
(द) ∃VITC∃F∃∃
उत्तर- (अ) ∃VITC∃FFF∃

9. निम्न आकृतियों में से एक उपयुक्त आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्नवाचक चिन्ह (?) का स्थान ले।

उत्तर के आंकड़े


(अ) 1 (ब) 3
(स) 4 (द) 5
उत्तर- (अ) 1
हल- क्योंकि अगली आकृति को 8 भागों में बांटा गया है।

10. कौन सा शब्द दूसरों से संबंधित नहीं है?
(अ) कॉर्निया (ब) रेटिना
(स) पुतली (द) दृष्टि
उत्तर- (द) दृष्टि
हल- कॉर्निया, रेटिना व पुतली सभी आँख के भाग हैं।

11. दिए गए शब्दों को अर्थ पूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें।
(i) प्रस्तुतिकरण
(ii) अनुशंसा
(iii) आगमन
(iv) चर्चा
(v) परिचय
(अ) 5, 3, 4, 1, 2
(ब) 3, 5, 4, 2, 1
(स) 3, 5, 1, 4, 2
(द) 5, 3, 1, 2, 4
उत्तर- (स) 3, 5, 1, 4, 2
हल- सही क्रम
आगमन-परिचय-प्रस्तुतिकरण-चर्चा-अनुशंसा
3 5 1 4 2

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

कॅरियर की राहें

कोविड-19 से कम्प्यूटर के कॅरियर को मिली नई ऊंचाई

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के कारण यदि देश और दुनिया में जिस क्षेत्र में कॅरियर के सबसे अधिक अवसर निर्मित हुए हैं, तो वह क्षेत्र है कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)। वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में जिस तरह डिजिटल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए बड़े बजट आवंटन किए गए हैं, उससे भी कम्प्यूटर का कॅरियर तेजी से आगे बढ़ेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समय देश में लागू नई शिक्षा नीति में पांचवीं के बाद डिजिटल कौशल से छात्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखकर अध्यापन किया जा रहा है। ऐसे में कोई भी छात्र कोडिंग स्किल्स और अच्छी अंग्रेजी से कम्प्यूटर से संबंधित सुनहरा कॅरियर प्राप्त कर सकता है।

आउटसोर्सिंग के कारण भारत के दरवाजे पर विदेशी नौकरियां

गौरतलब है कि भारतीय युवाओं में विशिष्ट कम्प्यूटर दक्षता के कारण भारत का महत्व पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ता जा रहा है। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में भारत अग्रणी है। भारतीय मस्तिष्क को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क के रूप में माना जा रहा है। आउटसोर्सिंग के कारण विदेशों की नौकरियां भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। कोविड-19 के बाद भारत की छोटी-बड़ी हजारों आईटी कंपनियां विदेशी कंपनियों के काम अपने शहरों में स्थित अपने परिसरों से करते हुए दिखाई दे रही हैं।

उल्लेखनीय है कि 10वीं के बाद गणित विषय लेने वाले छात्रों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटर क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से अधिक अवसर मौजूद हैं। अतएव वर्तमान दौर में कम्प्यूटर की छोटी-बड़ी सभी डिग्रियों का महत्व बढ़ता जा रहा है।

कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और कोडिंग स्किल्स से कॅरियर के मौके

कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का विशेष महत्व है। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग एक प्रकार की कोड प्रक्रिया है। कम्प्यूटर हेतु किसी भी प्रोग्राम को बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कम्प्यूटर भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। इन भाषाओं के इस्तेमाल द्वारा कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाना ही कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग कहलाता है। विभिन्न कम्प्यूटर कोडिंग के बिना टेक्नोलॉजी का कोई मतलब ही नहीं है। विभिन्न कॅरियर के लिए अलग-अलग कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की जरूरत होती है।

निश्चित रूप से ऑनलाइन कोडिंग सीखने की वेबसाइटों का उपयोग करके भी कोडिंग सीखी जा सकती है और कॅरियर बनाया जा सकता है।

कम्प्यूटर में कॅरियर के मौके

यह महत्वपूर्ण है कि कोडिंग सीखने के साथ अच्छा कोड लिखना भी आपको आना जरूरी है। कोड लिखने का तरीका जितना अच्छा होगा, उतनी ही आसानी से अच्छी नौकरी मिल पाएगी। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग

का कोर्स करने वाले छात्रों के लिए नौकरी के सुनहरे अवसर हैं। कोर्स के उपरांत कम्प्यूटर प्रोग्रामर, कम्प्यूटर टीचर, लेक्चरर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर इत्यादि बन सकते हैं। वे स्वयं अपना साइबर कैफे अथवा कोचिंग सेंटर भी खोल सकते हैं। वे आउटसोर्सिंग करके विदेशों में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। कम्प्यूटर हार्डवेयर, रिपेयरिंग एवं नेटवर्किंग इंजीनियरिंग-वर्तमान समय में कम्प्यूटर का उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बैंक, रेलवे, इंश्योरेंस तथा अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी उपक्रमों में कम्प्यूटर का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग क्षेत्र में रोज़गार एवं स्वरोज़गार की असीमित संभावनाएं हैं। कम्प्यूटर क्षेत्र में आई क्रांति, जैसे-इंटरनेट, मोबाइल फोन, एटीएम, काल सेंटर आदि के कारण कम्प्यूटर के कई महत्वपूर्ण

भागों को सुधारने के लिए कुशल कम्प्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरों की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। हार्डवेयर, रिपेयरिंग एवं नेटवर्किंग इंजीनियरिंग क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। कोविड-19 के बाद जिस तरह दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ी है, उससे डिजिटल दुनिया के हर क्षेत्र में कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स के लिए कॅरियर के मौके हैं।

कम्प्यूटर क्षेत्र में कॅरियर की स्किल्स

कम्प्यूटर की किसी भी भाषा को सीखने के लिए उसके बुनियादी निर्देश से अवगत होना जरूरी है। सबसे पहले आपको कम्प्यूटर के बेसिक एप्लीकेशन का भरपूर ज्ञान होना आवश्यक है, जैसे एमएस ऑफिस, इंटरनेट, ई-मेल, कम्प्यूटर से जुड़े सिद्धांत इत्यादि। इसके बाद इनपुट-आउटपुट यूनिट, डिवाइस, उनका प्रयोग करना, डेटा का ज्ञान, अंकगणितीय ज्ञान व प्रदर्शन, सशर्त निष्पादन, पुनरावृत्ति इत्यादि से अवगत होना भी आवश्यक है। प्रोग्रामिंग में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न भाषाओं की जानकारी वैसे तो कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्स करने वाले हर छात्र को प्रदान की जाती है, परंतु यदि छात्र चाहे तो इसमें अलग से डिप्लोमा कोर्स करके विशिष्टता प्राप्त कर सकता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर को इसके अलावा घंटों कड़ी मेहनत, अच्छा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, तर्कशील सोच, सकारात्मक रुख, निरंतर पढ़ने की ललक होनी चाहिए।

कहां से व कैसे करें कम्प्यूटर के कोर्स

निश्चित रूप से कोविड-19 ने डिजिटल दुनिया में कम्प्यूटर के कॅरियर की अहमियत बढ़ाई है। ऐसे में कम्प्यूटर क्षेत्र में कॅरियर संबंधी रुचि, योग्यता व क्षमता रखते हैं तो आप कम्प्यूटर तथा सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न कोर्स कराने वाले देश और मध्यप्रदेश के प्रमुख गुणवत्तापूर्ण संस्थानों में से अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी संस्थान का चयन करके और अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. विराट कोहली ने कितने टेस्ट मैचों में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की है?
(अ) 65 (ब) 68
(स) 72 (द) 74

2. वर्ष 2021 में महिला वर्ग में आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियन बनी हैं?
(अ) एश्ले बार्टी
(ब) सिमोना हालेप
(स) नाओमी ओसाका
(द) बियांका आंद्रेस्क्यू

3. फ्रैंच कार रेसर एलेन प्रोस्ट कितने बार फॉर्मूला-वन चैम्पियन बने हैं?
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) पांच बार (द) सात बार

4. विंटर ओलिंपिक-2022 में स्कीइंग में स्वर्ण पदक विजेता सारा हेक्टर किस देश की खिलाड़ी हैं?
(अ) नॉर्वे (ब) अमेरिका
(स) स्वीडन (द) स्लोवेनिया

5. इनमें से किस खिलाड़ी ने विंटर ओलिंपिक-2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है?
(अ) फवाद मिर्जा
(ब) शिवा केशवन
(स) नीरज चोपड़ा
(द) आरिफ खान

6. वर्ष 2021 में किस महिला खिलाड़ी को बेलोन डिओर अवॉर्ड से नवाजा गया है?
(अ) एलेक्सिया पुटेलस
(ब) मेगन रेपिनो
(स) एडा हेगरबर्ग
(द) जेनिफर हर्मोसो

7. श्रीलंका ने कितने बार एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है?
(अ) एक बार (ब) तीन बार
(स) चार बार (द) पांच बार

8. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन-2022 में पुरुष एकल वर्ग का विजेता बना है?
(अ) राफेल नडाल
(ब) डेनिल मेदवेदेव
(स) नोवाक जोकोविच
(द) स्टेन वावरिंका

9. इनमें से किस मुक्केबाज ने ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है?
(अ) मनीष कौशिक
(ब) विजेंदर सिंह
(स) अमित पंघाल
(द) शिव थापा

10. टेस्ट क्रिकेट में किस गेंदबाज ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?
(अ) अनिल कुंबले
(ब) मुथैया मुरलीधरन
(स) शेन वार्न
(द) एलेन डोनाल्ड

11. इनमें से किस देश में अब तक एशियाई खेल आयोजित नहीं हुए हैं?
(अ) फिलीपींस (ब) थाईलैंड
(स) कतर (द) वियतनाम

12. सैयद मोदी टूर्नामेंट किस खेल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) बैडमिंटन (ब) हॉकी
(स) कबड्डी (द) तीरंदाजी

13. रेडर टर्म किस खेल से संबंधित है?
(अ) क्रिकेट (ब) कबड्डी
(स) बैडमिंटन (द) नौकायन

14. इनमें से किस खिलाड़ी ने एक कैलेंडर वर्ष में सभी ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं?
(अ) जॉन मैक्नरॉय
(ब) रॉड लेवर
(स) आंद्रे आगासी
(द) रोजर फेडरर

15. स्पेन ने वर्ष 2010 में किस देश को हराकर फीफा वर्ल्डकप जीता था?
(अ) नीदरलैंड (ब) अर्जेंटीना
(स) पुर्तगाल (द) बेल्जियम

16. रॉरी मैक्लरॉय किस देश के दिग्गज गोल्फर हैं?
(अ) अमेरिका (ब) ब्रिटेन
(स) न्यूजीलैंड (द) आयरलैंड

17. वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) जापान (ब) द. कोरिया
(स) मलेशिया (द) इंडोनेशिया

18. वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किस देश के नाम लगातार 21 मैच जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) भारत
(द) पाकिस्तान

19. एंजेलिक केर्बर टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) अमेरिका
(स) जर्मनी (द) क्रोएशिया

20. वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता है?
(अ) किदांबी श्रीकांत
(ब) लक्ष्य सेन
(स) पी. कश्यप
(द) सौरभ वर्मा

21. सीमा पूनिया ने टोक्यो ओलिंपिक में किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था?
(अ) चक्का फेंक
(ब) हेप्टाथलॉन
(स) भाला फेंक
(द) इनमें से कोई नहीं

22. वर्ष 2022 में किस देश ने एटीपी कप टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) कनाडा (ब) रूस
(स) सर्विया (द) स्पेन

23. सचिन तेंदुलकर ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच किस देश के खिलाफ खेला था?
(अ) श्रीलंका
(ब) बांग्लादेश
(स) द. अफ्रीका
(द) वेस्टइंडीज

24. विंसेंट वनाश किस देश के दिग्गज हॉकी गोलकीपर हैं?
(अ) कनाडा (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) बेल्जियम (द) जर्मनी

25. वर्ष 2021 में किस क्लब ने एएफसी चैम्पियंस लीग का खिताब जीता है?
(अ) एफसी गोवा
(ब) अल हिलाल
(स) पोहांग स्टीलर्स
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (द), 6. (अ), 7. (द), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (अ), 13. (ब), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (अ), 23. (द), 24. (स), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

माइकल मासी फॉर्मूला-वन रेस डायरेक्टर पद से बर्खास्त

पेरिस, फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल (एफआईए) ने फॉर्मूला-वन

रेस डायरेक्टर माइकल मासी को पद से बर्खास्त कर दिया है। एफआईए के अध्यक्ष बेन सुलेयम ने बताया कि माइकल मासी ने चार्ली व्हिटिंग के बाद फॉर्मूला-वन रेस डायरेक्टर के रूप में तीन वर्ष तक चुनौतीपूर्ण काम किया है। मासी को एफआईए के भीतर एक नये पद की पेशकश की जायेगी। उन्होंने कहा कि मासी की जगह नील्स विटिज और एड्रुआर्डो फ्रीटास को वर्ष 2022 सत्र के लिये फॉर्मूला-वन रेस डायरेक्टर बनाया गया है। एफआईए अध्यक्ष ने कहा कि फुटबॉल में वीडियो असिस्टेंस रेफरी की तरह फॉर्मूला-वन में भी वर्चुअल रेस कंट्रोल रूम बनाया जायेगा। इसे सर्किट के बाहर बैकअप के रूप में एफआईए कार्यालयों में से एक में तैनात किया जायेगा।

न्यूजीलैंड ने 18 साल बाद दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में हराया

क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट में लगभग 18 साल बाद दक्षिण अफ्रीका को हराया है। न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले गये दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच को पारी और 276 रन से जीता। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका को पारी से भी हराया है। मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुये पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका को महज 95 रनों पर ऑलआउट कर दिया। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने 7 विकेट लिये। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 482 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिये हेनरी निकोल्स ने 105 तथा टॉम ब्लंडल ने 96 रन बनाये। दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीकी टीम की पारी 111 रनों पर सिमट गई।

ओस्तोपेंको ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में जीता खिताब

दुबई, लात्विया की युवा महिला खिलाड़ी जेलेना ओस्तोपेंको ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप

का खिताब अपने नाम किया है। ओस्तोपेंको ने टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को सीधे सेटों में 6-0, 6-4 से हराया। कुदेरमेतोवा फाइनल मुकाबले में ओस्तोपेंको के सामने बिल्कुल भी नहीं टिक पायीं। ओस्तोपेंको ने यह मुकाबला महज 65 मिनट में जीत लिया। ये ओस्तोपेंको के टेनिस कॅरियर का पांचवां डब्ल्यूटीए एकल खिताब है। ओस्तोपेंको ने वर्ष 2019 के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट जीता है। टूर्नामेंट में महिला युगल वर्ग का खिताब वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिस मर्टेंस की जोड़ी ने जीता।

भारत-वेस्टइंडीज ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने ट्वेंटी-20 सीरीज को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

कोलकाता, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम जीत के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है। भारत ने वन-डे सीरीज के बाद अब ट्वेंटी-20 सीरीज में भी वेस्टइंडीज को क्लीन स्वीप कर दिया है। भारत ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 3-0 से जीती है। सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराया।

मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। तेज गेंदबाज जेसन होल्डर ने तीसरे ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ को आउट कर भारत को जल्द ही झटका दिया। इसके बाद ईशान किशन (34) और श्रेयस अय्यर (25) ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद रोहित शर्मा (7) भी जल्द पवेलियन लौट गये। 93 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार यादव और वेंकटेश अय्यर ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने 37 गेंदों में 91 रनों की तूफानी साझेदारी की और भारत को बड़े लक्ष्य तक पहुंचाया। सूर्यकुमार ने 31 गेंदों में 65 रन तथा वेंकटेश ने 19 गेंदों में 35 रन बनाये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 184 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैरेबियाई टीम की शुरुआत भी खराब रही। दीपक चाहर ने पहले ही ओवर में काइल मायर्स तथा तीसरे ओवर में शाई होप को आउट कर वेस्टइंडीज को दबाव में ला दिया। इसके बाद निकोलस पूरन (61) तथा रोवमन पावेल (25) ने तेजी से रन जोड़ते हुये वेस्टइंडीज को मैच में बनाये रखा। पावेल को हर्षल पटेल ने आउट कर भारत को सफलता दिलाई। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने कीरोन पोलार्ड और जेसन होल्डर जैसे विग हिटर को आउट कर भारत को जीत की राह दिखाई। हालांकि पूरन और रोमारियो शेफर्ड (29) जीत के लिये प्रयास करते रहे। लेकिन इनके आउट होने के बाद भारत की जीत आसान हो गई। वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी। भारत के लिये हर्षल पटेल ने 3 तथा चाहर, वेंकटेश और शार्दुल ने 2-2 विकेट लिये। इससे पहले भारत ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट तथा दूसरा मैच 08 रन से जीता था।

- रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने लगातार तीसरी बार सीरीज क्लीन स्वीप की है।
- इससे पहले भारत ने रोहित की कप्तानी में वेस्टइंडीज को वन-डे सीरीज में 3-0 तथा न्यूजीलैंड को ट्वेंटी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।
- रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 25 में से 21 मैच जीते हैं।
- इस जीत के साथ भारत ट्वेंटी-20 रैंकिंग में पहले पायदान पर आ गया है।
- भारत ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 12 में से 11 मैच जीते हैं।

भोपाल में मार्शल आर्ट भवन का हुआ लोकार्पण

भोपाल, मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को टी.टी. नगर स्टेडियम परिसर में एक और सर्व-सुविधायुक्त आधुनिक सौगात मिली है। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने स्टेडियम परिसर में लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नव-निर्मित मार्शल ऑर्ट भवन का लोकार्पण किया। भवन में तीन खेल विधाएं कुश्ती, बॉक्सिंग और फेंसिंग खेल संचालित होंगे।

श्रीमती सिंधिया ने खिलाड़ियों से कहा कि वे अपना लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल कर निर्धारित कर प्रेक्टिस करें। आज की मेहनत और लगन कल की ताकत बनेगी। खेल अकादमी में हर सुविधा उपलब्ध है, जो आपको अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अब हमारी राज्य खेल अकादमियों के खिलाड़ी, एशियन और ओलिंपिक क्वालिफाइंग में अपना स्थान बनायें, इसके लिये बेहतरीन प्रशिक्षकों को जोड़ा गया है।

एटीपी-500 खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने कार्लोस

रियो डि जेनेरियो, स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रियो ओपन जीतकर इतिहास रच दिया है। कार्लोस एटीपी-500 लेवर टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी बन गये हैं। 18 वर्षीय कार्लोस ने रियो ओपन के फाइनल में अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-4, 6-2 से हराया। ये कार्लोस के टेनिस कॅरियर का दूसरा टूर लेवल का खिताब है। कार्लोस ने दो वर्ष पहले रियो ओपन में ही अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता था। कार्लोस ने कहा कि बड़े स्तर पर खेलना और खिताब जीतना एक शानदार अनुभव है।

रणजी ट्रॉफी पदार्पण मैच में साकिबुल और यश ने मचाया धमाल

मुंबई, भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का आगाज हो गया है। रणजी ट्रॉफी की शुरुआत में ही युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया।

साकिबुल ने तिहरा शतक जड़ बनाया विश्व रिकॉर्ड

रणजी ट्रॉफी में बिहार के लिये खेल रहे साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड तोड़ तिहरा शतक जमाया। साकिबुल ने मिजोरम के खिलाफ खेलते हुये अपने पदार्पण मैच में 405 गेंदों में 341 रनों की पारी खेली। साकिबुल ने अपनी पारी में 56 चौके और दो छक्के लगाये। इस पारी के साथ साकिबुल प्रथम श्रेणी पदार्पण मैच में तिहरा शतक लगाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले प्रथम श्रेणी पदार्पण मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड मध्यप्रदेश के अजय रोहेरा के नाम था। अजय ने वर्ष 2018-19 के रणजी सत्र में हैदराबाद के खिलाफ 267 रनों की पारी खेली थी।

यश ने दोनों पारियों में बनाये शतक

अपनी कप्तानी में भारत को अंडर-19 एशिया कप तथा आईसीसी अंडर-19 विश्वकप का खिताब दिलाने वाले बल्लेबाज यश ढुल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में धमाकेदार आगाज किया है। यश ने रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिये खेलते हुये तमिलनाडु के खिलाफ पदार्पण किया। इस मैच में यश ने दोनों पारियों में शतक बनाये। यश ने पहली पारी में 150 गेंदों में 113 तथा दूसरी पारी में 202 गेंदों में नाबाद 113 रनों की पारी खेली। यश रणजी ट्रॉफी में पदार्पण मैच में दोनों पारियों में शतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। यश से पहले नारी कॉन्ट्रेक्टर और विराग अवाटे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

प्रगाननंदा ने कार्लसन को हराकर किया बड़ा उलटफेर

चेन्नई, भारत ये युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रगाननंदा ने ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। प्रगाननंदा ने खेली गई बाजी में काले मोहरों से खेलते हुये कार्लसन को 39 चाल में हराया।

प्रगाननंदा ने इस तरह से कार्लसन के विजय अभियान पर भी रोक लगा दी है। जिन्होंने इससे पहले लगातार तीन बाजियां जीती थीं। भारतीय ग्रैंडमास्टर के इस जीत से आठ अंक हो गये हैं। पिछले दौर की बाजियों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले प्रगाननंदा की कार्लसन पर जीत अप्रत्याशित रही।

प्रगाननंदा ने इससे पहले केवल लेव आरोनियन के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इसके अलावा प्रगाननंदा ने दो बाजियां ड्रा खेलीं, जबकि चार बाजियों में उन्हें हार का

सामना करना पड़ा था। अनीश गिरी और क्वांग लीम के खिलाफ बाजियां ड्रा कराई थीं, जबकि एरिक हैनसेन, डिंग लिरेन, जॉन क्रिजस्टोफ डूडा और शखरियार मामेदयारोव से उन्हें हार झेलनी पड़ी थी।

कुछ महीने पहले नॉर्वे के कार्लसन से विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला हारने वाले रूस के इयान नेपोमनियाचची 19 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद डिंग लिरेन और हैनसेन (दोनों 15 अंक) का नंबर आता है। एयरथिंग्स मास्टर्स में 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

रोहित शर्मा

तीनों फॉर्मेट में बने भारतीय टीम के कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज और सीमित ओवर प्रारूपों में भारत के कप्तान रोहित शर्मा अब क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वन-डे और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय के बाद भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी का दारोमदार भी रोहित शर्मा को सौंपा गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिये भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम की घोषणा की है। मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कहा कि रोहित शर्मा भारतीय टेस्ट टीम के नियमित कप्तान बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि रोहित लंबे समय तक भारतीय टीम का नेतृत्व करें। चेतन शर्मा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम भविष्य के कप्तान की खोज भी करेगी। टीम- के.एल. राहुल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह को भविष्य के कप्तान के रूप में

तराशेगी।

पुजारा और रहाणे टीम से बाहर

लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को चयनकर्ताओं ने टीम से बाहर कर दिया है। इनके अलावा तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और ऋद्धिमान साहा भी टीम में अपनी जगह नहीं बचा सके। साहा की जगह युवा विकेटकीपर के.एस. भरत टीम में शामिल किये गये हैं। टीम के मुख्य विकेट कीपर ऋषभ पंत ही रहेंगे। टीम में काफी समय बाद कुलदीप यादव की वापसी हुई है, जबकि ऑलराउंडर सौरभ कुमार को पहली बार टीम में जगह मिली है। कुलदीप और सौरभ उत्तरप्रदेश के खिलाड़ी हैं। के.एल. राहुल चोट के चलते टीम में जगह नहीं बना सके। राहुल की जगह बुमराह टीम के उपकप्तान बनाये गये हैं। वहीं शार्दुल ठाकुर को आराम दिया गया है। टेस्ट सीरीज का पहला मैच 4 से 8 मार्च तक मोहाली तथा दूसरा मैच 12 से 16 मार्च तक बेंगलुरु में खेला जायेगा।

भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), प्रियांक पंचाल, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, के.एस. भरत, रविचंद्रन अश्विन, रविन्द्र जडेजा, जयंत यादव, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और सौरभ कुमार।

नॉर्वे ने शीतकालीन ओलिंपिक में जीते 16 स्वर्ण पदक

बीजिंग, नॉर्वे ने एक बार फिर शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुये पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। नॉर्वे ने बीजिंग विंटर ओलिंपिक में 16 स्वर्ण, 8 रजत और 13 कांस्य सहित सर्वाधिक 37 पदक जीते। नॉर्वे किसी भी शीतकालीन ओलिंपिक खेल में 16 स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला देश बन गया है। जर्मनी ने 12 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य सहित 27 पदक जीतकर दूसरा, मेजबान चीन ने 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित 15 पदक जीतकर तीसरा, अमेरिका ने 8 स्वर्ण सहित 25 पदक के साथ चौथा और स्वीडन ने 8 स्वर्ण सहित 18 पदक जीतकर पांचवां स्थान हासिल किया। इस बार शीतकालीन ओलिंपिक में 15 खेलों में कुल 109 स्वर्ण पदक दांव पर थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

(इजराइल)

बिना टीकाकरण वाले पर्यटकों को देश में आने की अनुमति देगा

इजराइल ने घोषणा की कि वह अगले महीने से बिना टीकाकरण वाले पर्यटकों को देश में प्रवेश करने की अनुमति देगा, क्योंकि कोरोना वायरस के मामलों में कमी देखी जा रही है। इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने कहा कि विदेशी पर्यटकों को प्रस्थान और आगमन पर कोरोना वायरस संक्रमण के पीसीआर जांच की जरूरत होगी, चाहे उनका टीकाकरण हुआ हो अथवा नहीं। यह नया नियम एक मार्च से लागू होगा।

बेनेट ने कहा, कोरोना वायरस संक्रमितों के आंकड़ों में हम लगातार गिरावट देख रहे हैं। इसलिये यह समय अब धीरे-धीरे खोलने का है।

ज्ञात रहे कि इजराइल ने पिछले दो वर्षों से विदेशी पर्यटकों के प्रवेश को काफी हद तक सीमित कर दिया था और अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रॉन स्वरूप के सामने आने के बाद पर्यटकों के आगमन को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था।

केंद्रीय बजट के सकारात्मक प्रभाव

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण विकास पर केंद्रीय बजट के सकारात्मक प्रभाव पर एक वेबिनार को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा, सैचुरेशन के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप दिया गया है। उन्होंने कहा, 'बजट में पीएम आवास योजना, ग्रामीण सड़क योजना, जल जीवन मिशन, नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी, गांवों की ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ऐसी हर योजना के लिए जरूरी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, 'बजट में जो वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम घोषित किया गया है, वो हमारे सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए बहुत अहम है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लगभग 4 करोड़ कनेक्शन देने का टारगेट हमने रखा है। इस टारगेट को हासिल करने के लिए आपको अपनी मेहनत और बढ़ानी होगी। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया करते हुए कहा कि जो पाइपलाइन बिछ रही हैं, जो पानी आ रहा है, उसकी क्वालिटी पर भी हमें बहुत ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस योजना की एक मुख्य विशेषता है कि ग्राम स्तर पर स्वामित्व की भावना होनी चाहिए और 'जल शासन' को मजबूत किया जाना चाहिए। इन

सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमें 2024 तक हर घर में नल का पानी पहुंचाना है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों की डिजिटल कनेक्टिविटी अब एक एस्पिरेशन भर नहीं है, बल्कि आज की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से गांवों में सुविधाएं ही नहीं मिलेंगी, बल्कि ये गांवों में स्किल्ड युवाओं का एक बड़ा पूल तैयार करने में भी मदद करेगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ब्रॉडबैंड सेवा क्षेत्र का विस्तार करेगा। उन्होंने ब्रॉडबैंड क्षमताओं के समुचित इस्तेमाल के बारे में उचित जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया जहां काम पहले ही पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति है। उन्होंने कहा, 'फाइनेंशियल इंक्लुजन ने परिवारों में महिलाओं की आर्थिक फैसलों में अधिक भागीदारी सुनिश्चित की है। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से महिलाओं की इस भागीदारी को और ज्यादा विस्तार दिए जाने की जरूरत है।'

प्रधानमंत्री ने अपने अनुभव से ग्रामीण विकास के लिए शासन में सुधार के कई तरीके सुझाए। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामीण मुद्दों के लिए जिम्मेदार सभी एजेंसियां नियमित अंतराल पर एक साथ बैठें ताकि तालमेल और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके, इससे मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'पैसे की उपलब्धता से बड़ी समस्या यह जागरूक भागीदारी और समन्वय की कमी होना है।' उन्होंने सीमावर्ती गांवों को विभिन्न प्रतियोगिताओं का स्थल बनाने, सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों को उनके गांवों को अपने प्रशासनिक अनुभव से लाभान्वित करने जैसे कई नवीन तरीके सुझाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि गांव के जन्मदिन के रूप में एक दिन तय करने और गांव की समस्याओं को हल करने की भावना के साथ इसे मनाने से लोगों का अपने गांव से लगाव मजबूत होगा और ग्रामीण जीवन समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए कुछ किसानों का चयन करने, कुपोषण को दूर करने के बारे में निर्णय लेने वाले गांवों और बीच में पढ़ाई छोड़ने को नियंत्रित करने जैसे उपायों से भारत के गांवों के लिए बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

तीन हफ्ते बाद कनाडा में थमा प्रदर्शन

कनाडा में कोविड पाबंदियों के विरोध में तीन हफ्तों तक चला प्रदर्शन खत्म होते दिखाई दे रहा है। राजधानी ओटावा में

- **इस विरोध प्रदर्शन के कारण अमेरिका-कनाडा सीमा को बंद करना पड़ा था।**

सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने ओटावा में जुटे ज्यादातर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया है। ट्रकों के बज रहे हॉर्न शांत हो चुके हैं।

सुरक्षावलों ने संसद की आसपास की सड़कों को कब्जे में ले लिया है। ज्यादातर इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है। पाबंदियों और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की नीतियों से गुस्साए प्रदर्शनकारी देश के इतिहास के सबसे बड़े पुलिस अभियान के कारण पीछे हट गये। पुलिस प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर रही है। उनके ट्रकों को हटा

रही है। ओटावा में अंतरिम पुलिस प्रमुख स्टीव बेल ने कहा कि कुछ छोटे प्रदर्शन जारी हैं, लेकिन अवैध कब्जा खत्म हो गया है। हम प्रदर्शन पूरी तरह खत्म होने तक अपना अभियान जारी रखेंगे।

अंतिम बड़े केंद्र ओटावा में विरोध खत्म होता दिखा, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि वे फिर से समूह बनाने में जुटे हैं।

रूस के खिलाफ ब्रिटेन का बड़ा कदम पांच बड़े बैंकों पर लगाया बैन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई को लेकर ब्रिटेन ने 22 फरवरी को पांच रूसी बैंकों और इस देश के तीन बेहद अमीर लोगों पर सख्त प्रतिबंध लगाये। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद को बताया कि यह यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों में रूसी सैनिकों के प्रवेश के खिलाफ जवाबी उपायों की पहली कड़ी है।

ब्रिटेन ने रोसिया, आईएस बैंक, जनरल बैंक, प्रोम्सव्याज बैंक और ब्लैक सी बैंक के अलावा रूस से ताल्लुक रखने वाले तीन अरबपतियों- गेनेडी टिमचेंको, बोरिस रोटेनबर्ग और इगोर रोटेनबर्ग पर प्रतिबंध लगाये हैं। ये तीनों अरबपति पुतिन के करीबी होने के चलते पिछले कई वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंध सूची में शामिल रहे हैं।

जॉनसन ने संसद से कहा यह उन जवाबी उपायों की पहली कड़ी है, जिसे हम लागू करने के लिये तैयार हैं। अगर हालात और ज्यादा बिगड़ते हैं तो हम तेजी के साथ प्रतिबंधों में इजाफा करेंगे। हमें लंबे संकट के लिए खुद को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा ब्रिटेन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस चुनौती से निपटेगा।

जॉनसन ने कहा, इस मजबूत इरादे के साथ हम पुतिन को हमारे महाद्वीप की प्रकृति का स्वरूप बिगाड़ने की अनुमति नहीं देंगे।

स्टोलटेनबर्ग ने रूस के कदम को तनाव बढ़ाने वाला और अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन बताया। नाटो प्रमुख ने कहा कि इस बात का संकेत मिल रहा है कि रूस, यूक्रेन पर व्यापक स्तर पर हमला करने की योजना बना रहा है।

यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रहा है रूस : नाटो

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि रूस, यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के मॉस्को के फैसले की निंदा की। उन्होंने कहा कि नाटो सहयोगियों ने 100 युद्धक विमानों को हाई अलर्ट पर रखा है और आर्कटिक सर्कल से भूमध्य सागर तक 120 से अधिक युद्धपोत समुद्र में तैयार हैं।

इस बीच रूसी सांसदों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को देश के बाहर सैन्य बल प्रयोग करने की अनुमति दे दी। इस कदम से यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका ने कहा कि यूक्रेन पर पहले ही हमला हो चुका है।

रूसी सांसद के ऊपरी सदन फेडरेशन काउंसिल ने रूस से बाहर सैन्य इस्तेमाल की पुतिन को अनुमति देने के लिए सर्वसम्मति से वोट दिया। इससे पूर्वी यूक्रेन में विद्रोही क्षेत्रों में रूसी सैन्य तैनाती को औपचारिक रूप दिया गया। इन क्षेत्रों में आठ वर्ष पुराने संघर्ष में करीब 14000 लोगों की मौत हो चुकी है।

इससे पहले पश्चिमी देशों के नेताओं ने कहा कि रूस के सैनिक यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में पहुंच गये हैं। अमेरिका ने पूर्वी यूक्रेन में रूसी सैनिकों की तैनाती का जिक्र करते हुये रूस के इस कदम को अब आक्रमण करार दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका, रूस पर कड़ी पाबंदियां लगायेगा।

ब्रह्मांड में मिला तीन चंद्रमा वाला ऐस्टरॉइड

ब्रह्मांड के अंदर ऐसी अनगिनत चीजें हैं जिससे इंसान अभी भी अंजान है वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड के अंदर ऐसे ऐस्टरॉइड का पता लगाया है जिसके 3 चांद हैं। यह आसमानी चट्टान 257 कि.मी. चौड़ी है और उसकी खोज सबसे पहले 19वीं सदी में हुई थी। अब इस अनोखे ऐस्टरॉइड की पहचान अंतरिक्ष के पहले क्वाड्रूपल सिस्टम के रूप में हुई है। वैज्ञानिकों ने यूनानी देवता के नाम पर इसे 130 इलेक्ट्रा नाम दिया है।

खगोलविदों ने पता लगाया है कि इस आसमानी चट्टान के 3 छोटे-छोटे साथी चंद्रमा हैं। वैज्ञानिक 11 लाख ऐस्टरॉइड की खोज कर चुके हैं, लेकिन अब तक यह नहीं सुना गया था किसी ऐस्टरॉइड के भी उपग्रह होते हैं।

(ईयू ने म्यांमार में)

सरकारी क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

यूरोपीय संघ (ईयू) ने म्यांमार में कई शीर्ष अधिकारियों और सरकारी क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी पर प्रतिबंध लगा

- **ईयू ने इनकी संपत्ति जब्त करने और 22 अधिकारियों की यात्रा पर प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा सरकारी एवं निजी कंपनियों समेत चार उद्यमों के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाया है।**

दिया है। इन सभी पर एक साल पहले देश की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करने में सेना की आर्थिक मदद करने के आरोप हैं। यह कंपनियां देश के बड़े करदाताओं के रूप में पहचानी जाती हैं। इन कंपनियों ने पूर्व में व्यापार को फैलाने के लिये अन्य विदेशी कंपनियों के साथ

साझेदारी करने की भी कोशिश की थी। इन कंपनियों पर यूं तो पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निगाह रही है। वर्ष 2019 में यूएन मिशन ने भी इन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। इसमें कहा गया था कि ये कंपनियां सेना को पैसे के अलावा भी कई चीजें मुहैया करवाती हैं, जिनका इस्तेमाल सेना मानवाधिकार उल्लंघन के तौर पर करती है।

वहीं संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञ एंड्रेव ने तख्तापलट के बाद म्यांमार की सेना को नागरिकों के खिलाफ हथियार की आपूर्ति करने के लिये चीन और रूस की आलोचना की है। म्यांमार में सैन्य शासन के विरोधियों ने देश के कई शहरों में प्रदर्शन किये। गिरफ्तारी की चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर सैन्य शासन का विरोध किया। बता दें कि गत वर्ष एक फरवरी को सेना लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर काबिज हो गई थी।

नीना गुप्ता रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित

युवा गणितज्ञों को दिए जाने वाले रामानुजन पुरस्कार से कोलकाता स्थित भारतीय सांख्यिकी संस्थान की एक गणितज्ञ प्रोफेसर डॉ. नीना गुप्ता को सम्मानित किया गया है। उन्हें एक वर्चुअल समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें संबद्ध बीजीय ज्यामिति और विनिमेयशील बीजगणित में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2021 का यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार 45 साल से कम उम्र के युवा गणितज्ञों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने एक विकासशील देश में उत्कृष्ट शोध किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की ओर से समर्थित यह पुरस्कार श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में प्रदान किया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन जो शुद्ध गणित में एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे, जिन्होंने खुद से पढ़ाई करके दीर्घवृत्तीय कार्यों, निरंतर अंशों, अनंत श्रृंखला और संख्याओं के विश्लेषणात्मक सिद्धांत में अपना शानदार योगदान दिया था। बीजगणितीय ज्यामिति में एक मूलभूत समस्या- जारिस्की कैंसिलेशन प्रॉब्लम के समाधान के लिए प्रोफेसर गुप्ता को 2014 का भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (एनएसए) का युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त हुआ था। एनएसए ने उनके समाधान को 'हाल के वर्षों में कहीं भी किए गए बीजगणितीय ज्यामिति में सबसे अच्छे कार्यों में से एक' के रूप में बताया गया था। इस प्रॉब्लम को 1949 में आधुनिक बीजगणितीय ज्यामिति के सबसे प्रख्यात संस्थापकों में से एक ऑस्कर जारिस्की ने सामने रखा था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

भीड़-भाड़ से रहेंगे दूर, कोरोना भागने को हो जायेगा मजबूर।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य योजनाएं

जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना

योजना का लाभ लेने के लिए :-

- प्रसव पूर्व चार जाँचे अवश्य करवाएं।
- प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही करवाएं।
- टिटनेस का टीका लगवाएं।
- फॉलिक एसिड, कैल्शियम एवं आयरन फॉलिक एसिड (IFA) की गोलियों का नियमित सेवन करें।
- गर्भावस्था के दौरान एलबेन्डाजॉल की एक गोली का सेवन भी आवश्यक रूप से करें।
- फॉलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम एवं एलबेन्डाजॉल की गोली सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।
- गर्भवती महिला अपना बैंक खाता नंबर एवं समग्र आईडी साथ लेकर आएं।

उपरोक्त स्वास्थ्य सुविधाएं सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/ ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

अस्पताल जाने एवं वापस घर आने हेतु निःशुल्क जननी एक्सप्रेस/108 वाहन उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता/आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें

तीन बात से डरे कोरोना – दूरी, मास्क, हाथ को धोना

मास्क/फेस कवर पहनें | दो गज दूरी बनाएं | हाथों को अच्छे से साबुन और पानी से धोएं

सभी नियमों का पालन करेंगे और करायेंगे हम कोरोना से बचेंगे और अपनों को बचायेंगे।

दो डोज़ पूर्ण सुरक्षा संपूर्ण

गर्भवती तथा धात्री महिलाओं हेतु कोविड-19 के टीके शासकीय टीकाकरण केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

M.P.Madhyam/103810/R-46704/2022

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।